राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 248
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 02 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में 500 विदेशी नागरिकों से ठगी, 18 अरेस्ट
पेज 4 जनसाधारण एक्सप्रेस की 2 बोगी पटरी से उतरी
पेज 6 मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में विराट-धोनी और रोहित शर्मा के साथ

## पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना रेप मामले में दोषी करार

### कोर्ट से रोते हुए बाहर निकला, आज सजा का ऐलान; मेड का शोषण किया था

**मैसूरु।** बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोते प्रज्वल रेवन्ना को मेड से रेप मामले में दोषी ठहराया। कोर्ट शनिवार को सजा सुनाएगी। कोर्ट का फैसला आने के समय रेवन्ना भावुक दिखा और बाहर निकलते वक्त रो पड़ा।



रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की एक महिला ने पिछले साल अप्रैल में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप पिछले साल प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में सामने आने के बाद चर्चा में आया था।

उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। उनके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों से जुड़े अब तक 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पिछले साल, रेवन्ना के सोशल मीडिया पर 2,000 से ज्यादा अश्लील वीडियो क्लिप सामने आए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में रेवन्ना ने कर्नाटक की हासन संसदीय सीट पर दूसरी बार चुनाव लड़ा था, लेकिन वह अपनी सांसदी नहीं बचा सका। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद जेडीएस ने उसे पार्टी से निलंबित भी कर दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्री फायर में तीन हजार रुपये हारा, सातवीं के छात्र ने लगाई फांसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में ऑटो मोबाइल कारोबारी अंकेश जैन के 13 वर्षीय बेटे अकलंक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मोबाइल में फ्री फायर गेम खेलता था। वह तीन हजार रुपये हार गया था। फटकार के डर से उसने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। इंदौर शहर के अनुराग नगर में गुरुवार रात इस घटना के बाद स्वजन अकलंक को एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डाक्टर ने उसे मृत घोषित किया और पुलिस को सूचना दी। टीआइ सीबी सिंह के मुताबिक, अकलंक सातवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके ताऊ आशीष जैन ने पुलिस को बताया कि वह मोबाइल में ऑनलाइन गेम खेलता था।

### इंडिगो की फ्लाइट में यात्री ने शख्स को जड़ा थप्पड़, मच गया हंगामा

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मुंबई से कोलकाता उड़ान में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने सहयात्री को थप्पड़ मार दिया। यह घटना उड़ान संख्या 6ई138 में हुई। लैंडिंग के बाद आरोपित को कोलकाता हवाई अड्डे पर सुरक्षा टीम के हवाले कर दिया गया। आरोपित को एयरलाइन द्वारा अनुशासनहीन घोषित किया गया है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि घटना कब हुई। क्या जब विमान टेकऑफ की तैयारी कर रहा था या उड़ान के दौरान। इसे लेकर इंडिगो की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सहयात्री द्वारा थप्पड़ मारने का कारण भी ज्ञात नहीं हो सका है।

## अमृतसर में हथियारों की बड़ी खेप पकड़ी

### पाकिस्तान से मंगवाए थे ग्लॉक पिस्टल; 4 दबोचे गए

**अमृतसर।** अमृतसर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने पाकिस्तान से हो रही अवैध हथियार तस्करी के दो नेटवर्क (मॉड्यूल) का भंडाफोड़ किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान के तस्करों के संपर्क में थे और भारत-पाक सीमा के पास से हथियारों की खेप मंगवाते थे। इन हथियारों का इस्तेमाल गैंगवार और इलाके की शांति भंग करने के लिए किया जाना था। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में सिकंदरजीत सिंह, प्रदीप सिंह उर्फ बब्बी, जर्नैल सिंह और एक किशोर शामिल हैं। इनके पास से 7 पिस्तौल (एक ग्लॉक समेत), 6 जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

मुख्य आरोपी सिकंदरजीत और नाबालिग काफी समय से पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में थे और खेमकरण बॉर्डर से हथियार मंगवा रहे थे। पुलिस ने गेट हकीमा और बी-डिवीजन थाने में एफआईआर दर्ज की है और अब पूरे तस्करी नेटवर्क की जांच जारी है।

## चुनाव अधिकारी वोटों की चोरी कर रहे : राहुल

### हम छोड़ेंगे नहीं, चाहे वे रिटायर हो जाएं; ईसी बोला- अफसर ऐसी धमकियों पर ध्यान न दें

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले 9 दिनों में चुनाव आयोग के अधिकारियों को दूसरी बार धमकाया है। शुक्रवार को संसद से बाहर निकलने पर राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं।

चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ निकालेंगे।



इससे पहले 24 जुलाई को राहुल ने कहा था कि मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।

### चुनाव आयोग का जवाब...

चुनाव आयोग ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है। लगातार दी जा रही धमकियों के बावजूद, हम सभी चुनाव अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करें। गैरजिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करें।

### राहुल बोले- मेरे पास चोरी के 100 प्रतिशत सबूत हैं

राहुल ने आगे कहा कि मैं इसे हल्के में नहीं, बल्कि सौ प्रतिशत प्रमाण के साथ कह रहा हूं। जैसे ही हम इसे जारी करेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए वोट चुराने का काम कर रहा है। हमें मध्य प्रदेश चुनाव, लोकसभा चुनाव में शक था, महाराष्ट्र चुनाव के दौरान हमारा शक और बढ़ गया।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी पर प्रतिबंध की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन सट्टेबाजी पर प्रतिबंध को व्यापक जनहित से जुड़ा मुद्दा बताते हुए सभी राज्यों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट ये नोटिस केए पाल की ऑनलाइन सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद शुक्रवार को जारी किये। अगली सुनवाई पर कोर्ट अंतरिम आदेश की मांग पर भी विचार करेगा। ये आदेश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद दिये। केए पाल ने याचिका में ऑनलाइन सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा है कि इसकी लत की वजह से लाखों युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो गई है और उसका खामियाजा उनके घर वालों को झेलना पड़ रहा है। पाल ने आज मामले पर स्वयं बहस करते हुए यह भी कहा कि कोर्ट ऑनलाइन बेटिंग के विज्ञापन पर अंतरिम आदेश में रोक लगा दे इससे भी काफी हद तक ऑनलाइन सट्टेबाजी रुकेगी। लेकिन कोर्ट ने कहा कि वह अंतरिम आदेश की मांग पर भी अगली सुनवाई पर विचार करेगा।

### विरोध प्रदर्शन




कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाद्रा और प्रमोद तिवारी, डीएमके सांसद टीआर बालू और इंडिया ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसदों ने संसद के मानसून सत्र के दौरान बिहार में मतदाता सूची के चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया।

## 3 हजार करोड़ का लोन फ्रॉड : अनिल अंबानी को ईडी का लुकआउट नोटिस

### 5 अगस्त को पूछताछ होगी, देश छोड़ने की अनुमति नहीं

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ 3000 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में लुकआउट नोटिस जारी किया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनिल अंबानी को इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर के अप्रूवल के बिना भारत छोड़ने की अनुमति नहीं है। अगर वह विदेश यात्रा करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें एयरपोर्ट या बंदरगाह पर हिरासत में लिया जा सकता है। इससे पहले ईडी ने अनिल अंबानी को इस मामले में समन भेजा था। ईडी उनसे 5 अगस्त को पूछताछ करेगी। ईडी ने पिछले हफ्ते अनिल के मुंबई और दिल्ली समेत 50 से ज्यादा कंपनियों और लोकेशन पर छापेमारी की थी। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई थी। ये छापेमारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 17 के तहत की गई।

## हैप्पी मॉर्निंग



सोनू- मम्मी में रात को बाथरूम गया तो पता है क्या हुआ? मम्मी- क्या हुआ? सोनू- मैंने जैसे ही बाथरूम का दरवाजा खोला, उसमें अपने आप लाइट चालू हो गई और उसमें से ठंडी-ठंडी हवा आने लगी मम्मी- अरे कुत्ते तू आज फ्रिज में फिर से सू-सू कर आया....



## शायरी

बफ्ज्ले-मस्लहत ऐसा भी होता है जमाने में
कि रहजन को अमीरे कारवां कहना ही पड़ता है

## मैनपुरी में मां-बाप, बेटी समेत 5 लोगो की मौत

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, ट्रक ने रौंदा, भतीजी का बर्थडे मनाकर आ रहे थे

- टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से डैमेज हो गई।
- गंभीर रूप से घायल एक बच्ची को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है।

**मैनपुरी।** यूपी के मैनपुरी में एक परिवार के 5 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। एक बच्ची घायल है। पूरा परिवार स्विफ्ट डिजायर कार से आगरा से छिबरामऊ जा रहा था। कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलटते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। नवीगंज की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। परिवार के लोग भतीजी का बर्थडे मनाकर गांव लौट रहे थे। हादसा शुक्रवार दोपहर 1:15 बजे बेवर थाना क्षेत्र में नगला ताल के पास जीटी रोड पर हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से डैमेज हो गई। आसपास के लोग पहुंचे तो कार सवार सभी लोग गाड़ी के अंदर फंसे हुए थे। जान बचाने की गुहार लगा रहे थे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस टीम एम्बुलेंस के साथ पहुंची। घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद कार से निकालकर जिला हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल एक बच्ची को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है।

### भतीजी का बर्थडे मनाकर लौट रहा था परिवार

किशनी थाना क्षेत्र के हीरापुर रंगपुर गांव निवासी दीपक चौहान (36) कन्नौज के छिबरामऊ में आढ़ती का काम करते थे। वो अपने परिवार के साथ छिबरामऊ ही शिफ्ट हो गए थे। उनके छोटे भाई आगरा में रहते हैं। दीपक कार से परिवार के साथ आगरा में भतीजी काव्या चौहान का बर्थडे मनाने गए थे। शुक्रवार को दीपक कार से पत्नी पूजा (34), बेटी आशी (9), आराध्या (11), भांजी आर्या (4) और बहन सुजाता (50) के साथ घर लौट रहे थे। बताया जा रहा कि नगला ताल के पास जीटी रोड पर बारिश का पानी भरा था, जिस वजह से उन्हें डिवाइडर नहीं दिखा। कार अचानक से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराते हुए दूसरी लेन में जाकर पलट गई। नवीगंज की ओर से आ रहा ट्रक कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दीपक, उनकी पत्नी पूजा, बेटी आशी, भांजी आर्या और बहन सुजाता की मौत हो गई।



## उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को होगा। 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 जुलाई को धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। रिपोर्ट्स के अनुसार, भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन की ओर से कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत या सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर उपराष्ट्रपति कैंडिडेट हो सकते हैं। इनके अलावा, राज्यसभा के मौजूदा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का नाम भी चर्चा में हैं। वहीं, इंडिया ब्लॉक की सभी पार्टियां मिलकर एक जॉइंट कैंडिडेट उतार सकती हैं।

## बांग्लादेश के मैप में भारत के 7 राज्यों का हिस्सा

### संसद में कांग्रेस बोली- सरकार क्या कर रही; जयशंकर ने कहा- प्रोपेगेंडा से निपटने को तैयार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के विवादित मैप का मुद्दा संसद में भी उठा। भारत के 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों को बांग्लादेश के मैप में दिखाया गया है।

इसको लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को राज्यसभा में सवाल उठाया।

सुरजेवाला ने कहा- सरकार इस मुद्दे पर क्या कर रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लिखित जवाब में कहा- हम इस मामले पर कड़ी नजर बनाए हुए है। सरकार इस तरह के प्रोपेगेंडा से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### अब जानिए क्या है पूरा मामला

विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, विवादित नक्शा 14 अप्रैल, 2025 को ढाका यूनिवर्सिटी में आयोजित एक प्रदर्शनी में लगाया गया था। आरोप है कि ढाका में मौजूद इस्लामिक ग्रुप सल्तनत-ए-बांग्ला की तरफ से ग्रेटर बांग्लादेश का नक्शा तैयार किया गया है।

सल्तनत-ए-बांग्ला को तुर्की यूथ फेडरेशन नाम एक तुर्की एनजीओ का सपोर्ट है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के आने के बाद तुर्की-बांग्लादेश संबंध मजबूत हुए हैं। तुर्की के एनजीओ की एक्टीविटीज और मिलिट्री कोऑपरेशन में भी इजाफा हुआ है।

## अर्थसार

सेंसेक्स:
80,599.91
-585.67 (0.72%)
निफ्टी:
24,565.35
-203.00



## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 5 : 45
सूर्यास्त शनिवार : 7 : 16

## बेंगलुरु में अपहरण के बाद नाबालिग की हत्या

### फैमिली ड्राइवर सहित दो गिरफ्तार, 5 लाख मांगे थे; किडनैपिंग के अगले दिन जान ली, शव जलाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक 13 साल के नाबालिग लड़के की किडनैपिंग के बाद हत्या कर दी गई। 30 जुलाई को बन्नेरघट्टा के पास से उसका अपहरण हुआ था। अगले दिन उसका आधा जला हुआ शव बन्नेरघट्टा के कग्गलीपुर रोड पर एक सुनसान इलाके में मिला। यह इलाका, नाबालिग के घर से 8 किलोमीटर दूर है। नाबालिग का नाम निश्चित ए. था। वह बेंगलुरु के अरकेरे के पास वैश्य बैंक कॉलोनी शांतिनिकेतन ब्लॉक का रहने वाला था और क्राइस्ट स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता अच्युत जेसी बेंगलुरु के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में लेक्चरर हैं और मां एक टेक कंपनी में काम करती हैं। ग्रामीण बेंगलुरु के एसपी सीके बाबा ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने लड़के के पेरेंट्स से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। जब नाबालिग के पेरेंट्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, तो अपहरणकर्ताओं ने लड़के की पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसका शव जला दिया। इस मामले में दो लोगों को शुक्रवार सुबह बन्नेरघट्टा इलाके के पास पुलिस एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया है।

## तनाव

### धार्मिक स्थल पर पथराव, गाड़ियों को आग लगाई; शिवाजी महाराज के अपमान के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था

## पुणे के दौंड में आपत्तिजनक पोस्ट के बाद बढ़ा तनाव





**पुणे।** पुणे के दौंड में शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया है। दो गुटों की भीड़ ने सड़कों पर कई गाड़ियों को आग लगा दी गई। धार्मिक स्थल पर पथराव किया है। घटना पुणे से 80 किमी दूर दौंड के यवत गांव की है। तनाव को देखते हुए यवत का साप्ताहिक बाजार बंद कर दिया गया है। पुलिस ने हालात को काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यवत पुलिस निरीक्षक नारायण देशमुख ने बताया कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक का नाम सैय्यद है और हिरासत में ले लिया है।

### पहले इस मामले को समझिए

दरअसल, 26 जुलाई को यवत के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर गुरुवार से ही विरोध हो रहा था।

इसी विवाद पर शुक्रवार को एक युवक की आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी यवत के सहकार नगर में युवक के घर पहुंचे और तोड़फोड़ की। तभी दो पक्षों में टकराव हो गया और तनाव की स्थिति बन गई।

### पुलिस अधिकारी बोले- इलाके में पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई

एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि दोपहर को सूचना मिली थी कि यवत गांव में एक युवक ने अपने व्हाट्सएप और फेसबुक स्टेटस पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली है। इसके बाद लड़के को पुलिस स्टेशन लाया गया। जरूरी कार्रवाई शुरू कर दी गई थी, लेकिन तब तक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। गुस्साए लोगों ने सड़कों पर विरोध किया और धार्मिक स्थल पर पत्थरबाजी की। हालांकि घटना कोई घायल नहीं हुआ है। यवत इलाके में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी है। हालात फिलहाल काबू में है।

# संपादकीय

## 'नेहरू की मौत पर 169 देश झुके, पर आज के नेता उन्हें झुकाने की कोशिश कर रहे हैं'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जब पंडित नेहरू का निधन हुआ, तो भारत नहीं — पूरी दुनिया रोई थी।
169 देशों ने शोक व्यक्त किया,
100 से अधिक देशों ने अपने राष्ट्रीय ध्वज आधा झुकाए,
और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।
'इतिहास के कुछ नेता राष्ट्र से ऊपर उठ जाते हैं — नेहरू उन्हीं में से एक थे।'

### लेकिन आज

भारत में एक राजनीतिक जमात है जो उस व्यक्ति की छवि को मिटाने में जुटी है
जिसने देश को सिर्फ़ अंग्रेज़ों से नहीं, दिमाग़ी ग़ुलामी से आज़ाद किया था।
**नेहरू से डर क्यों लगता है?**
**क्यों बार-बार नेहरू का नाम घसीटा जाता है?**
**क्यों उन्हें हर विफलता का जनक साबित किया जाता है?**

### क्योंकि

'नेहरू का होना आज के नेताओं की सीमित सोच के लिए चुनौती है।'

- उन्होंने विज्ञान को धर्म से ऊपर रखा।
- सवाल पूछने की संस्कृति को बचाया।
- लोकतंत्र को परंपरा नहीं, अभ्यास बनाया।

और यही सब आज की राजनीति को असहज करता है।

### झूठ के आईटी सेल बनाम इतिहास की गरिमा

आज जब कोई कहता है कि 'नेहरू ने कुछ नहीं किया',
तो यह कहना वैसा ही है जैसे कोई कहे — 'सूरज ने कभी रोशनी नहीं दी।'

'नेहरू की आलोचना करना अधिकार है, पर इतिहास को तोड़ना अपराध है।'
आज के नेताओं के पास न नेहरू जैसी दूरदृष्टि है,
न विचारों की गहराई —
तो वे उनके नाम पर मिट्टी फेंककर अपनी ऊँचाई बढ़ाना चाहते हैं।
नेहरू के दौर में भारत विश्व की आत्मा था — आज सिर्फ़ इवेंट्स का आयातक
आज की सरकार बार-बार कहती है — 'भारत विश्वगुरु है'।

### लेकिन हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य अभियान में:

- संयुक्त राष्ट्र मौन रहा,
- अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान जैसे देशों ने खुले समर्थन से परहेज़ किया,
- दुनिया के अधिकांश देशों ने तटस्थता का रास्ता चुना।

'जब 169 देश एक नेता के जाने पर झुके थे — तब आज के 'विश्वगुरु' के युद्ध में 16 भी खुलकर नहीं बोले।'

### यह फर्क बताता है कि

- नेहरू की विदेश नीति गुटनिरपेक्षता — विश्वास का प्रतीक थी,
- आज की विदेश नीति — सिर्फ़ प्रोपेगेंडा और सैन्य तमाशे बनकर रह गई है।

### नेहरू की विरासत कोई मूर्ति नहीं — जो गिरा दी जाए

**उनकी विरासत:**

- IIT, ISRO, AIIMS, भाखड़ा नांगल बांध
- पंचवर्षीय योजनाएं, लोकतांत्रिक संस्थाएं, प्रेस की स्वतंत्रता
- गुटनिरपेक्ष आंदोलन, अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा

'जिस नेता पर दुनिया झुकी हो, उस पर देश की राजनीति इतनी गिर गई है — यह हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी त्रासदी है।'

### निष्कर्ष : इतिहास के साथ खिलवाड़ — राष्ट्र के साथ विश्वासघात

नेहरू को मिटाने की कोशिश सिर्फ़ एक व्यक्ति नहीं,
पूरे लोकतांत्रिक मूल्य प्रणाली पर हमला है।
'अगर आज हम उस नेता की गरिमा नहीं समझे, तो कल इतिहास हमारी समझदारी पर झंडा झुका देगा।'

## ट्रंप का टैरिफ युद्ध

राष्ट्रपति पद संभालने के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप ने संरक्षणवादी एजेंडे के साथ ही चीन, कनाडा व मैक्सिको पर भारी-भरकम टैरिफ थोपकर व्यापार युद्ध की शुरुआत कर दी है। ट्रंप के फैसले से वैश्विक बाजारों में भूचाल है। इन तीनों देशों द्वारा इसका जबाब देने की घोषणा से विश्व व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका पैदा हो गई है। दरअसल, अमेरिका ने अपने शीर्ष व्यापारिक सहयोगी कनाडा व मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीनी सामानों पर 10 प्रतिशत टैफिक थोपकर उन्हें आर्थिक प्रतिशोध हेतु बाध्य कर दिया है। कनाडा ने अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है तो मैक्सिको भी ऐसा मन बना रहा है। वहीं चीन पिछली टैरिफ लड़ाइयों से परेशान होकर रणनीतिक प्रतिशोध को तैयार है। वह इस मामले को विश्व व्यापार संगठन तक ले जाने की बात कर रहा है। हालांकि, भारत फिलहाल ट्रंप की संरक्षणवादी कार्रवाई से बचा नजर आता है। भारत ने टैरिफ कटौती की दिशा में कदम उठाते हुए ट्रंप के उस टैरिफ दुरुपयोग के आक्षेप से बचने का प्रयास किया है, जिसको लेकर ट्रंप भारत को निशाने पर लेते हैं। दरअसल, भारत में शीर्ष तीस अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क मसलन कच्चे पेट्रोलियम से लेकर हार्ले-डेविडसन मोटर साइकिल तक पर मामूली टैरिफ हैं। निस्संदेह, यह रणनीतिक कदम न केवल तत्काल अमेरिकी प्रतिशोध को रोकता है बल्कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला में एकीकृत होने के लिये भारत की प्रतिबद्धता का भी संकेत देता है। जैसा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में रेखांकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत अमेरिकी व्यापार घाटे में केवल 3.2 प्रतिशत का ही कारक है। इसकी वजह यह भी है कि भारत के तेजी से बढ़ते फार्मास्युटिकल और कीमती धातुओं के निर्यात फिलहाल कमजोर बने हुए हैं। यह अच्छी बात है कि ट्रंप ने पहले टैरिफ वार से भारत को राहत दी है, लेकिन वैश्विक व्यापार युद्ध से भारत में विदेशी निवेश प्रभावित हो सकता है। असर रुपये की सेहत पर भी पड़ेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा से द्विपक्षीय व्यापार खिड़की खुलने की संभावना है। वहीं ट्रंप की इस कार्रवाई का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि सामान पर टैरिफ बढ़ाए जाने से चीनी उत्पाद महंगे होंगे, तो भारतीय निर्यातक अमेरिका बाजार में नये अवसर तलाश सकते हैं। खासकर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटो पार्ट्स के क्षेत्र में। लेकिन इसके बावजूद भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। इस टैरिफ जंग का एक पहलू यह भी कि अमेरिका में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। ट्रंप ने अमेरिकी लोगों को मुश्किल समय के लिये तैयार रहने के लिये कहा है। आशंका है कि इससे भारत के सबसे बड़े निर्यात बाजारों में से एक में मांग कम हो सकती है। वहीं दूसरी ओर कोई भी अमेरिकी व्यापारिक प्रतिबंध अंतत : भारत के प्रमुख उद्योगों को प्रभावित कर सकता है।

# आखिर अमेरिकी 'टेररिस्ट इकॉनमी' और इंडियन 'डेड इकॉनमी' जैसे आरोपों के अंतरराष्ट्रीय मायने क्या हैं?

कमलेश पांडे

जहां तक भारत-अमेरिका सम्बन्धों की बात है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत-अमेरिका सम्बन्ध एक अस्वाभाविक दोस्ती है, जिसमें छल-प्रपंच की बू आती है। जबकि भारत-रूस सम्बन्ध एक स्वाभाविक मित्रता है, जो वक्त की कसौटी पर शत-प्रतिशत खरा उतरा है।

जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और तेजी से मजबूत होती जा रही समाजवादी अर्थव्यवस्था यानी भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी करार दिया है, तो एक भारतीय होने के नाते उनसे मेरा सीधा सवाल है कि आखिर उनकी अमेरिकी अर्थव्यवस्था क्या है- कैपिटलिस्ट इकॉनमी या टेररिस्ट इकॉनमी! मुझे पता है कि वो मेरे इस सवाल का जवाब नहीं देंगे, इसलिए आज उनकी डॉलर डिप्लोमेसी, मिलिट्री डिप्लोमेसी और घृणित कूटनीति को आईना दिखलाना अपना राष्ट्रधर्म/बुद्धिजीवी धर्म समझता हूं। वहीं, अमेरिका को यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि रूस के साथ भारत गर्त में नहीं, बल्कि उंस शिखर पर जाएगा जहां आज अमेरिका काबिज है!

सच कहूं तो सात समुंदर पार बसा अमेरिका यदि अपनी फूट डालो और राज करो वाली क्षुद्र नीतियों और अभद्र स्वभाव/व्यवहार के बल पर एशिया-यूरोप के देशों पर शासन करना चाहता है तो अब उसके दिन लद गए हैं। उसे ब्रिटिश भूलों से सबक सीखने की दरकार है, क्योंकि कूचरा की पारी अंतिम बारी वाली भारतीय कहावत अब उस पर चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। आज वह रूस, चीन, भारत, ईरान आदि सबकी आंखों पर चढ़ चुका है और उसका बचा-खुचा भ्रम बहुत जल्दी टूटने वाला है, जिसकी बौखलाहट उसके कदम दर कदम में दिखाई दे रही है। भारत के प्रति उसका जो विद्वेष भरा रवैया है, शायद वही उसकी ताबूत की अंतिम कील बन जाए। वह पाकिस्तान को भड़काकर भारत को कमजोर नहीं कर सकता, बल्कि भारत यदि अपने पर आ गया तो एशिया-यूरोप से उसके पांव उखड़ते देर नहीं लगेंगे। क्योंकि रूस-चीन-उत्तरकोरिया-ईरान-इराक़-सीरिया आदि उससे पहले से ही खार खाए बैठे हैं।

जहां तक भारत-अमेरिका सम्बन्धों की बात है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत-अमेरिका सम्बन्ध एक अस्वाभाविक दोस्ती है, जिसमें छल-प्रपंच की बू आती है। जबकि भारत-रूस सम्बन्ध एक स्वाभाविक मित्रता है, जो वक्त की कसौटी पर शत-प्रतिशत खरा उतरा है। कभी अमेरिका और सोवियत संघ, और अब अमेरिका व चीन, अमेरिका एवं रूस के पारस्परिक वैश्विक महत्वाकांक्षा भरे रिश्तों में गुटनिरपेक्ष देश भारत की अहमियत प्रारंभ से यही रही है कि उसका झुकाव जिधर होगा, उसका पलड़ा सदैव भारी होगा। लेकिन जहां रूस ने भारतीय गुटनिरपेक्षता को बेझिझक स्वीकार किया, वहीं अमेरिका द्वारा भारत को अपने पाले में खींचने और फिर स्वभाववश दगाबाजी करने की जो हड़बड़ाहट दिखाई जा रही है, इस आशय की डील अविलंब करने का जो वैश्विक दबाव बनाया जा रहा है और इसी प्रक्रिया में अमेरिकी वयोवृद्ध राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ द्वारा जो घिनौनी बयानबाजी की जा रही है, उससे भारत का बाल भी बांका होने वाला नहीं है।

यदि अमेरिका-चीन को भ्रम है कि वे पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, मालदीव, नेपाल, म्यांमार आदि को उकसा कर भारत की तरक्की की राह में रोड़े अटकायेंगे, भारतीय उपमहाद्वीप में अशांति फैलाकर हथियारों की बिक्री बढ़ाएंगे तो यह उनका दिवास्वप्न है। अमेरिकी आतंकवाद और चीनी नक्सलवाद से या इस्लामिक चरमपंथ से जितनी क्षति पहुंचाई जा सकती थी, वह पहुंचाई जा चुकी है। लेकिन अब पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जो चुन चुन कर हिसाब लिए जा रहे हैं, उससे अमेरिका-चीन की बौखलाहट भी समझने लायक है। जबकि पाकिस्तान प्रेमी अरब-एशियाई देशों द्वारा भारत के इस्लामीकरण की कोशिशें भी दम तोड़ चुकी हैं। ऐसे में जब भारत ऑपरेशन सिंदूर की तरह अगला पलटवार करेगा तो अमेरिका-चीन को भारतीय उपमहाद्वीप में मुंह छिपाने की जगह भी नहीं मिलेगी।

अमेरिका को यह समझना होगा कि भारत, ग्रेट ब्रिटेन नहीं है जिससे मित्रता कर अंतरराष्ट्रीय पैमाने पर पीछे धकेल दिया जाए। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका ने ग्रेट ब्रिटेन के साथ यही तो किया। जहां इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय दुनियादारी में तूती बोलती थी, वहीं द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका की बोलने लगी। द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका- सोवियत संघ (रूस व उसके 14 पड़ोसी देश) साथ थे। लेकिन विश्वयुद्ध खत्म होते ही अमेरिका ने यूरोप को दो फाड़ कर दिया और इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे बड़े देशों को उसके खिलाफ कर दिया। फिर लंबे चले अमेरिका-सोवियत संघ शीत युद्ध के दौरान 1989 आते आते सोवियत संघ को भी छिन्न-भिन्न करवा दिया। हालांकि, तीन दशक बाद जब रूस ने अपने खोए हुए गौरव को प्राप्त कर लिया, तब उसे अमेरिका-यूरोप के नाटो देशों ने यूक्रेन में उलझा दिया, जिससे साढ़े तीन वर्षों से भीषण युद्ध जारी है।

वहीं, अपनी वैश्विक बादशाहत बनाए रखने के लिए अमेरिका ने एशिया महादेश में भी कई बड़े गेम खेले। उसने एशियाई अरब देशों के खिलाफ इजरायल को भड़काया और उसे अपना पूर्ण सहयोग दिया। भारत के खिलाफ पाकिस्तान को भरपूर समर्थन दिया। चीन-भारत के बीच तिब्बत मुद्दे को हवा दी। अफगानिस्तान में रूस का अवरोधक बनने के लिए तालिबान पैदा किया। कश्मीर हासिल करने के लिए आतंकवाद पैदा किया। इससे अमेरिकी हथियार व ड्रग्स कारोबार में भारी मुनाफा हुआ। लेकिन रूस के खिलाफ जिस चीन को अमेरिका ने प्रश्रय दिया, अब वही उसके लिए भष्मासुर बन चुका है। अमेरिकी शह पर मुस्लिम देश भी दो फाड़ हो चुके हैं।

यही वजह है कि अमेरिका विगत 25 वर्षों तक भारत को अपने पाले में खींचने के लिए ढेर सारे वैश्विक प्रयास किए। स्वभाव से विनम्र प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी और पीएम डॉ मनमोहन सिंह तो अमेरिकी चक्रब्युह में फंस गए, लेकिन स्वभाव से तेज तर्रार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी वैश्विक चालें चलीं कि अमेरिकी चतुराई की सारी हवा निकल गई। उन्होंने उसकी कैपिटलिस्ट अर्थव्यवस्था, जिसे टेररिस्ट अर्थव्यवस्था भी समझा जाता है, की ऐसी बखिया उधेड़ी कि आज वह बाप-बाप चिल्ला रहा है। जी-7 के ऊपर ब्रिक्स को इतना कद्दावर बनवा दिया कि अमेरिका के पसीने छूट रहे हैं। उसे टेररिस्ट अर्थव्यवस्था इसलिए कहा जाता है कि पाकिस्तान के सहारे दुनिया भर में आतंकवादी पैदा करने, उन्हें वित्तीय मदद देने और फिर उपजी अशांति का लाभ उठाकर अपनी कम्पनियों के हथियार खपाने व ड्रग्स के कारोबार को बढ़ाने का जो खुला खेल फरुखाबादी चलता रहा है, उसका मास्टरमाइंड देश अमेरिका ही है। उसी की छाप उसके अनुगामी चीन पर पड़ी है, जिससे वह ज्यादा परेशान है।

वहीं, पीएम मोदी इस बात को नहीं भूले हैं कि यह वही अमेरिका है जिसने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए उन्हें अपना वीजा नहीं दिया था और उनके प्रधानमंत्री बनते ही उनकी आवभगत करने लगा। यही वजह है कि पीएम मोदी ने अमेरिका, रूस और चीन जैसे बड़े देशों से सिर्फ उतना ही संपर्क रखा, जितने में कि भारतीय हित सधता रहे। इसलिए उन्होंने गिव एंड टेक डिप्लोमेसी को तवज्जो दी। बिटविन द लाइन्स पर हमेशा अडिग रहे। इससे भारत ने आशातीत तरक्की की और आत्मनिर्भर हो गया। यही बात अमेरिका, रूस, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, जापान आदि देशों को अखड़ने लगी।

हालांकि रूस-चीन का नेतृत्व तो शांत रहा, लेकिन अमेरिकी नेतृत्व अपनी खींझ छुपा नहीं पाया। अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ दोस्ताना ताल्लुकात रखने वाले डॉनल्ड ट्रंफ ने अपने दूसरे कार्यकाल में दुश्मनी की भाषा समझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़े। ऐसा इसलिए कि आज अमेरिकी रुपया डॉलर और अमेरिकी सेना दोनों का भविष्य खतरे में है। जब रूस-चीनी गठजोड़ उनपर भारी पड़ने लगा तो उन्होंने न केवल अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुला ली, बल्कि युद्ध नहीं करने की भी दलीलें देने लगे। इससे साफ है कि दुनिया के विभिन्न देशों में जाकर युद्ध करते रहने का आदी बन चुका अमेरिका अब मजबूत पलटवार देखकर आर्थिक व सैन्य पैमाने पर थक चुका है।

नाटो में भी मतभेद हो चुके हैं। इसलिए वह हर हाल में भारत को पटाने में जुटा हुआ है। हालांकि, उसकी भाषा दोस्ती वाली नहीं, बल्कि दुश्मनों वाली हो चुकी है, ताकि चीन-पाकिस्तान जैसे उसके पुराने सहयोगी उसके पाले में लौट जाएं और भारत को जबरिया युद्ध में उलझाएं।


सवाल है कि हाल ही में जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और रूस मिलकर अपनी डेड इकॉनमी को गर्त में ले जा सकते हैं, तो इसके बाद अब बचा क्या है? भले ही उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और रूस के साथ ट्रेड के लिए जुर्माने थोपने की घोषणा करने के बाद यह ताजा बयान दिया, जिसमें उनकी खींझ स्पष्ट दिखाई देती है। बकौल ट्रंफ, मुझे परवाह नहीं है कि भारत, रूस के साथ क्या करता है। हमने भारत के साथ बहुत कम ट्रेड किया है। उनके टैरिफ बहुत अधिक है। तो फिर सवाल वही कि आखिर इसके लिए प्रयासरत क्यों हैं? अपनी असफलता पर बौखलाहट क्यों दिखा रहे हैं? क्या यह आपके पद और कद को शोभा देता है? शायद नहीं!

तभी तो भारत ने करारा जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका अपनी चिंता करे, क्योंकि हम तो अगले कुछ ही साल में ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उसके बाद अमेरिका-चीन से सीधा होड़ करेंगे, यह बात उसने कही नहीं, बल्कि समझी जा सकती है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हम दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यस्था में से एक हैं। गुरुवार को संसद में केंद्रीय कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। उन्होंने जोर दिया कि एक दशक से भी कम समय में भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत अपने सुधारों, किसानों, एमएसएमई और उद्यमियों की मेहनत से शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना है। अब हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

जहां तक डेड इकॉनमी की बात है तो अमेरिकी राष्ट्रपति यहां भी हवाबाजी कर गए। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था पर खींझ भरी टिप्पणी करके हवाबाज़ी कर गए ट्रंफ़, क्योंकि इंडिया डेड इकॉनमी नहीं है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3608




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3607 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक सखी-मेरे पति प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को भोजन करवाते हैं.
दूसरी- हां बहन, ऐसे देवता स्वरूप लोग होते ही कितने हैं. वैसे वे करते क्या हैं?
पहली सहेली-वे होटल में वेटर हैं.

□ □ □

प्रबन्धक-फिलहाल मैं तुम्हें हजार रुपये महीना दे सकता हूँ. छह महीने बाद बारह सौ दूंगा.
प्रत्याशी-ठीक है मैं छह महीने बाद ही आ जाऊंगा.

□ □ □

मां ने दूध में डबलरोटी खाने को दी. थोड़ी देर में बालक रोने लगा तब मां ने पूछा, 'क्यों क्या हुआ? रो क्यों रहे हो?'
बालक ने रोते हुए कहा, 'सारा दूध तो डबलरोटी पी गई मैं क्या पिऊं?'

□ □ □

अपने पिता के साथ चिड़ियाघर देखते हुए बच्चा शेर के पिंजरे के सामने आकर सोचने लगा. बाप ने कारण पूछा तो बच्चे ने कहा, 'कुछ नहीं पिताजी, मैं सोच रहा था कि अगर शेर ने पिंजरे से निकलकर आपको खा लिया तो मैं कौन से नम्बर की बस में घर जाऊंगा.'

□ □ □

पत्नी-तुमने अपना वादा तोड़ दिया.
नेता-कोई बात नहीं जल्दी ही नया वादा कर लूंगा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3608



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3607



## सूडोकु -3608

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3607 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 3608



**बाएँ से दाएँ**

1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**

1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली -3607 का हल



# नोएडा में 500 विदेशी नागरिकों से ठगी, 18 अरेस्ट

## ई-मेल ब्लास्टिंग कर पहुंचाते वायरस, तकनीकी सपोर्ट के नाम पर मांगते थे डालर

नोएडा। अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले कॉल सेंटर को सीआरटी और नोएडा फेज 3 थाने की पुलिस ने पकड़ लिया। सरगना समेत 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

कॉल सेंटर का संचालन सेक्टर-65 में हो रहा था। ये लोग 500 से ज्यादा विदेशी नागरिकों से ठगी कर चुके है। छह महीने से नोएडा में ये कॉल सेंटर चल रहा था। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया- सीआरटी को इनपुट मिला कि फेज तीन थानाक्षेत्र में एक कॉल सेंटर संचालित हो रहा है जहां से विदेशी नागरिकों के साथ ठगी हो रही है।

जानकारी जुटाकर फेज तीन और सीआरटी ने शुक्रवार को सेक्टर-65 स्थित कॉल सेंटर पर छापेमारी की। जिस समय छापा पड़ा आरोपी विदेशी नागरिकों के साथ ठगी कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने मुताबिक गिरोह का सरगना गूगल और यूएस में बैठे डीलर से विदेशी नागरिकों का डाटा लेता था।

इसके बाद अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर में ई-मेल ब्लास्टिंग (बल्क में मेल करना) वायरस या बग भेजा जाता था। इस मेल में एक नंबर होता था। जिस पर कॉल करते ही आरोपी एक्स लाइट और आईबीम ऐप से ये कॉल इनके पास आती थी।

अपने को माइक्रोसाफ्ट का तकनीकी सपोर्ट बताकर कंप्यूटर में आई समस्या को दूर करने का झांसा देते थे। कंप्यूटर को अल्ट्रा वीवर या टीम वीवर पर लेकर बताते की इसमें बग है। ये आपके अकाउंट, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड को हैक कर सकता है।

इसे ठीक करने के लिए 100 से 1000 डॉलर तक की मांग की जाती थी। आरोपी कंप्यूटर को सही करने के नाम पर जीली ऐप और क्रिप्टो करेंसी के जरिए रकम वसूलते थे।



### सरगना समेत 18 गिरफ्तार

पुलिस ने छापेमारी कर जिन आरोपियों को दबोचा है उनमें गिरोह का सरगना ध्रुव अरोड़ा, आकाश तिवारी, आकाश कुमार, तरुण कुमार, मयूर नायक, गुरविंदर सिंह, मयवो, सौरभ चंद्रा, प्रत्युमन शर्मा, गौरव जसरोटिया, कुनाल राजवंशी, दिव्यांश भडाला, अपूर्व सिंह, मोहम्मद फैजुल, अस्मीत सिंह, हरमन प्रीत सिंह, रितु राजपूत और सुकृति सिंह शामिल हैं।

### दिल्ली हरियाणा के है आरोपी

ज्यादातर आरोपी दिल्ली और हरियाणा के अलग-अलग हिस्से में रहते हैं। सरगना ध्रुव की उम्र 26 साल है और उसने प्रोग्रामिंग में ग्रेजुएशन किया हुआ है। आकाश ने एलएलबी, तरुण ने बी कॉम तो प्रत्युमन ने होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया है। ज्यादातर आरोपी स्नातक हैं। आरोपियों के पास से 23 लैपटॉप, 23 हैंडसेट, 23 माउस, 27 लैपटॉप चार्जर, 17 मोबाइल, एक पेनड्राइव और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### छह महीने से संचालित था कॉल सेंटर

किराये के मकान में गिरोह के सरगना ने कॉल सेंटर का पूरा सेटअप तैयार किया था। छह महीने से यहीं से लोगों के साथ ठगी हो रही थी। सरगना इसका 50 हजार रुपए किराया देता था।

गिरोह का सरगना ओर उसके कुछ अन्य साथी पूर्व में भी दिल्ली से जेल जा चुके हैं। वे करीब छह सालों से कॉल सेंटर विदेशी नागरिकों के साथ ठगी कर रहे हैं। जेल से बाहर आने के बाद गिरोह का सरगना फिर से ठगी करना शुरू कर देता है। गिरोह का एक अन्य सरगना समीर भी है जो फरार है। पुलिस ने उसे वांछित बनाया है।

### स्क्रिप्टेड होती थी ठगी

तकनीकी सहायता के नाम पर विदेशी नागरिकों से आरोपी डॉलर, गिफ्ट कूपन और क्रिप्टो करेंसी मंगवाते थे। इनके पास हवाला के माध्यम से भारतीय मुद्रा में कैश आने की संभावना है।

नौकरी पर रखने से पहले सभी को अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण भी दिया गया था।

कॉल सेंटर में काम करने वाले कर्मचारियों के बात करने का तरीका अमेरिकी नागरिकों से इतना मिलता जुलता है कि कोई भी पहली नजर में नहीं कह सकता है बात करने वाला व्यक्ति भारतीय है।

# नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण किया ध्वस्त

## 100 कर्मचारी और 5 जेसीबी की ली मदद, 200 मीटर लंबी सड़क बनेगी

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सड़क मार्ग में बाधा बन रहे करीब 200 मीटर जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। ये अवैध निर्माण 30 साल से था। प्राधिकरण डीजीएम विजय रावल, वर्क सर्किल-3 सीनियर मैनेजर राज कमल के अगुआई में करीब 100 कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

इसके अलावा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पांच जेसीबी की मदद से 10 से 12 दुकान, 30 पक्के स्ट्रक्चर और 50 से 70 झुग्गियों को हटाया गया। मलबा उठाने का काम कल तक चलेगा। इसके बाद यहां 200 मीटर लंबी रोड बनेगी।



### क्रासिंग पर सड़क का निर्माण होना है

नोएडा में सेक्टर-99, 100, 46 और 47 क्रासिंग पर सड़क का निर्माण होना है। इसका अधिकांश हिस्सा बन चुका है। इस सड़क को आगे 200 मीटर तक बनाने के बाद ये सीधे सेक्टर-46,47 और 99 से कनेक्ट हो जाएगी। इसका फायदा रोजाना यहां से निकलने वाले हजारों वाहन चालकों को होगा। यहां सबसे बड़ी बाधा खसरा-331 और 332 पर अवैध निर्माण की थी। इसे आबादी साबित करने के लिए किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में वाद दायर किया था। सुप्रीम कोर्ट ने उक्त जमीन अधिग्रहण के लिए नोएडा प्राधिकरण के पक्ष में निर्णय लिया। इस मामले से संबंधित कोई वाद अब किसी भी अदालत में लंबित नहीं है। यहां सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया। प्राधिकरण ने बताया कि सड़क निर्माण के बाद क्रासिंग से जाने वाली सड़क सेक्टर-46-47 और सेक्टर-99 से सीधे कनेक्ट हो जाएगी। इससे ये ट्रैफिक सीधे सेक्टर-98 तक जा सकेगा।

### प्राधिकरण ने चलाया अभियान

सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर आते ही प्राधिकरण ने 15 दिन में यहां बने स्ट्रक्चर को खाली करने का नोटिस जारी किया।

जिसके बाद शुक्रवार को बड़े पैमाने पर प्राधिकरण के कर्मी, पुलिस, डंपर और जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इसका मलबा हटाकर इसे मिट्टी से प्लेन किया जाएगा। यहां सड़क निर्माण के लिए पहले की कंपनी का चयन हो चुका है। प्राधिकरण ने बताया कि 24 घंटे काम करके यहां सड़क मार्ग बना दिया जाएगा।

### मौके पर पहुंचे किसान

अवैध ध्वस्तीकरण के दौरान भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी पहुंचे। उन्हें सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर दिखाया गया। इसके बाद उन्होंने कोई भी हस्ताक्षेप नहीं किया। ये अतिक्रमण करीब 30 साल से था। इसके अलावा अन्य स्थानों से भी जल्द अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

### लोगों को अभी जाम से जूझना पड़ता है

वर्तमान में यहां से निकलने वाला ट्रैफिक सेक्टर-100,101 के बीच से हाजीपुर, सेक्टर-104 होता हुआ सेक्टर-98, एक्सप्रेस वे की ओर आवाजाही करता है। इस कारण सेक्टर-47,100, 101 के ट्रैफिक सिग्नल पर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में अवैध निर्माण को हटाकर सड़क का निर्माण कराए जाने पर हजारों लोगों को फायदा होगा।

# भूकंप आपदा को लेकर बड़े स्तर 5 स्थानों पर हुई मॉक ड्रिल




### आपदा के समय बचाव की तैयारियों को परखने के साथ लोगों को जागरूक किया गया

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** गौतम बुद्ध नगर भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील सिस्मिक जोन चार शामिल है। हाल में यहां भूकंप आ चुका है। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने के लिए पांच स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में पुलिस, जिला प्रशासन की टीम के साथ एनडीआरएफ सीआईएसएफ, बीएसएफ, स्वास्थ्य विभाग और फायर डिपार्टमेंट की टीमों ने हिस्सा लिया। इस मॉक ड्रिल एक्सरसाइज में बडी संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। बता दे कि सुबह 9 बजे का समय ग्रेटर नोएडा के एलजी कम्पनी में भूकंप की सूचना पर बजने वाले सायरन की गूंज होने लगी। इससे भगदड़ मच गई। बड़ी संख्या में पुलिस बल, एंबुलेंस, फायर बिग्रेड और रेडक्रास सोसायटी के सदस्य भी पहुंच गए। नजारा ऐसा था जैसे आपदा में कई लोग घायल हुए हों। लेकिन सच में ऐसा नहीं हुआ था ये तो बस एक कवायत थी कि भूकंप आपदा को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियों को परखने की. भूकंप से बचने के अभ्यास के साथ ही मॉक ड्रिल कराई जा रही है और ये भी पता लगाने कि सरकारी तंत्र की प्रशिक्षण में कहां-कहां कमियां हैं।

# नीट एग्जाम क्लियर कराने के नाम पर 10 लाख ठगे

### केंद्रीय मंत्री से ठगों ने बताई थी पहचान, 20 लाख में हुई थी डील, छात्र हो गया फेल

**नोएडा।** देश के प्रमुख केंद्रीय मंत्री से पहचान बताकर नीट का एग्जाम क्लियर कराने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोर्ट के आदेश के बाद ममूरा के रहने वाले प्रदीप कुमर उपाध्याय की शिकायत पर फेज-3 थाने में शिकायत की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में सतीशचंद शर्मा, रितिक शर्मा और खुद को डॉक्टर बताने वाले राजकुमार शर्मा पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित के अनुसार 2024 में उनकी मुलाकात अपने एक परिचित के माध्यम से सतीश से हुई थी। सतीश ने उनके बेटे के बारे में पूछा और जब उन्होंने उसके नीट की तैयारी करने की बात कही तो उसने बताया कि वह एक केंद्रीय मंत्री को अच्छे से जानता है। उनके माध्यम से वह बेटे का एग्जाम क्लियर करा किसी अच्छे सरकारी कॉलेज में उसका एडमिशन करवा देंगे। इसके बाद वह उसकी बातों में आ गए। पीड़ित के अनुसार इस बारे में बात होने के बाद सतीश अपने बेटे के साथ उन्हें एक लाल बत्ती वाली कार में हरिद्वार लेकर गया। जहां उसने राजकुमार से उनकी मुलाकात कराई। राजकुमार ने खुद को डॉक्टर बताने के साथ दिल्ली में पीएमओ तक में जान पहचान की बात कही। उसने उन्हें बताया कि एग्जाम क्लियर कराने में 20 लाख रुपए खर्च होंगे।

### बीटेक छात्रा की आत्महत्या पर एबीवीपी का विरोध

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में बीटेक छात्रा खुशबू की आत्महत्या के मामले में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता केसीसी कॉलेज पहुंचे और गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। खुशबू GNIOT कॉलेज की बीटेक छात्रा थी, लेकिन उसका परीक्षा केंद्र केसीसी कॉलेज में था। परीक्षा के दौरान उससे एक चिट बरामद हुई थी। इसके बाद से वह लगातार परेशान रहने लगी थी। इसी परेशानी के चलते उसने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रोफेसर की प्रताड़ना के कारण छात्रा ने यह कदम उठाया। इस मामले में पुलिस ने कॉलेज प्रबंधन और प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कॉलेज प्रबंधन ने भी दो प्रोफेसरों को निलंबित कर दिया है।

# पुलिस और बाइक सवार शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़, पैर में गोली लगने से बदमाश घायल

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** सेंट्रल नोएडा के कोतवाली बिसरख पुलिस और बाइक सवार शातिर बदमाश के बीच चिपियाना बुजुर्ग टी प्वाइंट के पास हुई मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकडा गया बदमाश एक अन्तर्राज्यीय अपराधी है, जिसके विरुद्ध हरियाणा राज्य में कई मुकदमें पंजीकृत है।



बता दे कि पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश की पहचान अजय उर्फ टिंकू पुत्र रामनिवास निवासी फतेहाबाद (हरियाणा) के रूप में हुई है। अजय उर्फ टिंकू एक अन्तर्राज्यीय अपराधी है। जिसके विरुद्ध हरियाणा राज्य में कई मुकदमें पंजीकृत है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि अजय उर्फ टिंकू ने अपने अन्य साथी लोकेश मिश्रा, पवन कुमार, संजीव कुमार के साथ मिलकर एक जुलाई को थाना बिसरख क्षेत्र स्थित चेरी काउण्टी पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए की ठगी की गई थी, जिसका मुकदमा कोतवली बिसरख पर दर्ज किया था और उसके साथी लोकेश मिश्रा, पवन कुमार, संजीव कुमार को 5 जुलाई को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा जा चुका है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि अजय उर्फ टिंकू के कब्जे से अवैध हथियार कारतूस, बिना नम्बर प्लेट चोरी की मोटरसाइकिल और 5000 रुपए नगद बरामद किये गए है। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल पर हमला

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अच्छेजा बुजुर्ग गांव में एक गंभीर घटना सामने आई है। गांव के लोगों ने दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल और उनके भाई पर चोर समझकर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाइयों को चोटें आईं और उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना गुरुवार रात की है। दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात अमित कुमार शर्मा ने बताया कि वे अपने भाई के साथ एक मजदूर को अस्पताल ले गए थे। मध्य प्रदेश के रहने वाले इस मजदूर को सांप ने काट लिया था। दोनों भाई घायल मजदूर को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराने के बाद वापस लौट रहे थे। जब उनकी कार अच्छेजा बुजुर्ग गांव पहुंची, तब ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझकर कार पर हमला कर दिया। विरोध करने पर दोनों भाइयों की पिटाई कर दी गई। अपनी जान बचाते हुए दोनों भाई दनकौर की तरफ भागे और कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। इस क्षेत्र में इन दिनों ड्रोन उड़ते देखे जा रहे हैं। लोगों में अफवाह फैली हुई है कि चोर ड्रोन से रेकी करने के बाद घरों में चोरी करते हैं। इस भय से ग्रामीण रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष की शिकायत के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ सदर तहसील पर प्रदर्शन



गौतम बुद्ध नगर। शुक्रवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों के साथ हो रहे अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने आरोप लगाया कि तहसील के कर्मचारी किसानों को परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि मुआवजे की फाइल, वारिसान दाखिल खारिज और कूरे बंदी जमीन की पैमाइश जैसे कामों में अड़चन डाली जाती है। लेखपाल और तहसील के वरिष्ठ अधिकारी काम न करने पर रिश्वत की मांग करते हैं। भारतीय ने कहा कि इस प्रकार के मामले पहले भी सदर तहसील में सामने आ चुके हैं। लोगों ने इसकी शिकायत भी की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो करप्शन फ्री इंडिया संगठन बड़ा आंदोलन करेगा।

### कंपनी का डेटा चोरी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** साइबर क्राइम पुलिस ने कंपनी का डाटा चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से घटना में एक मोबाइल फोन और दस्तावेज बरामद किए गए है। इसने वेब सीरीज देखकर कंपनी के डेटा चुराना सीखा था। बाद में कंपनी के ऐप की लॉग-इन आईडी व पासवर्ड को क्रेक कर कम्पनी का डाटा चुराया गया। आरोपी हवा सिंह पुत्र चतर सिंह को हरियाणा राज्य के हिसार जिले से गिरफ्तार किया गया है। एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि दिल्ली निवासी जसिवंद सिंह आहलूवालिया ने 18 जून को साइबर थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि सेक्टर-60 में अग्रवाल मूवर्स एंड पैकर्स के नाम से कंपनी का कार्यालय है। वह कंपनी का सीईओ और अध्यक्ष है। कंपनी का काम सार्वजनिक लॉजिस्टिक संगठन है और देश भर में ग्राहकों को सेवा देती है। उन्होंने शिकायत की कि कंपनी का डेटा चोरी किया जा रहा है साथ ही उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। साइबर सेल ने जांच शुरू की। जिसके बाद आरोपी को हिसार से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बताया कि वो पहले एपीएमएल कंपनी में कार्य करता था।

### ग्रेटर नोएडा में मकान हड़पने का मामला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्दाबाद खेड़ा में एक व्यक्ति ने अपने ही परिवार के सदस्यों पर फर्जी तरीके से मकान हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित लोकेश ने महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। लोकेश के अनुसार, गांव में 156 वर्ग गज जमीन पर उसका मकान बना हुआ है, जो उसे विरासत में आपसी बंटवारे में मिला था। उसके भाई सत्यवीर और दिनेश ने अपने हिस्से का मकान पहले ही बेच दिया था। पिछले वर्ष लोकेश ने अपने भाई सत्यवीर को उसके अनुरोध पर एक कमरा रहने के लिए दिया था। लोकेश काम के सिलसिले में दिल्ली चला गया और उसकी पत्नी ममता अपने मायके चली गई। इस दौरान उसके भाई सत्यवीर ने वीर प्रताप भाटी, निरंजनलाल शर्मा और सत्यवीर पुत्र शेर सिंह के साथ मिलकर मकान की रजिस्ट्री वीर प्रताप भाटी की पत्नी शीतल भाटी के नाम करा दी। जब लोकेश को इसका पता चला और उसने विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। बाद में हुई एक पंचायत में आरोपियों ने रजिस्ट्री निरस्त कराकर मकान खाली करने का आश्वासन दिया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### ग्रेटर नोएडा में किसान नेता पर फायरिंग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक किसान संगठन के जिलाध्यक्ष पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना करीब 4 दिन पहले उस्मानपुर गांव में हुई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर जिलाध्यक्ष और उनके परिवार पर हमला किया था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमजद समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी अमजद को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उस्मानपुर गांव के निवासी इरफान प्रधान भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष हैं। उनके अनुसार, मंगलवार को उनके परिवार का पड़ोसियों से किसी बात पर विवाद हो गया था। जब वह इस विवाद को सुलझाने पहुंचे, तब आरोपी पक्ष ने उन पर तमंचे से फायरिंग कर दी। सौभाग्य से इरफान प्रधान बाल-बाल बच गए। हालांकि, पथराव के दौरान उनके पक्ष के कई लोग घायल हुए थे।

# स्पेस रिसर्च में चमके श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के नन्हें वैज्ञानिक

### नासा एनएसएस स्पेस सेटलमेंट कॉन्टेस्ट 2025 में शानदार प्रदर्शन

नोएडा। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, सेक्टर 130 में आज की प्रात:कालीन सभा गौरव और उल्लास से भरपूर रही, जब NASA NSS Space Settlement Contest 2025 में चयनित छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल स्कूल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह स्कूल की वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

इस समारोह में रीजनल इंचार्ज श्री डॉ. मोहम्मद परवेज अहमद, प्रधानाचार्य श्रीमती इशराक, ह्रू कार्यक्रम समन्वयक श्री अलीम एवं श्रीमती शालिनी गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में और ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।



प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने 60 पुरस्कार प्राप्त किए, जिनमें 3 प्रथम, 4 द्वितीय, 10 तृतीय और 43 ऑनरेबल मेंशन शामिल रहे। छात्रों ने लिविंग इन हेल्दी स्पेस और स्पेस सेटलमेंट 2025 जैसे विषयों पर अपने मौलिक विचार प्रस्तुत किए।

विद्यालय के चार छात्रों द्वारा तैयार किया गया "Asteroid Mining" प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई। इस उपलब्धि के लिए इन छात्रों का विशेष अभिनंदन किया गया और उन्हें मोमेंटो, मेडल व ह्रू द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस टीम में वाशु चौहान, अमन नदीम, देवांश चौहान और निहाल सिंह शामिल थे। इनके प्रोजेक्ट ने भविष्य में अंतरिक्ष संसाधनों के दोहन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को उजागर किया।

इस वर्ष प्रतियोगिता में कुल 18 चयनित विद्यार्थियों को NASA से प्रमाणपत्र प्राप्त हुए। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण रही और अन्य छात्रों को भी भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरणा मिली।

विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती इशराक ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों के प्रयासों की सराहना की और आने वाले वर्ष के प्रतिभागियों को भी अपने नवाचार और सोच से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह सफलता एक बार फिर दर्शाती है कि श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल वैश्विक स्तर के नवाचारी, वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले विद्यार्थियों को तैयार करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

# नोएडा में 20 हजार इंडस्ट्री का हो रहा सर्वे

## प्रोफार्मा में देना होगा मोबाइल नंबर, लाइव स्टेटस, कर्मी के साथ सेल्फी, 1 ट्रिलियन इकोनॉमी है लक्ष्य

**नोएडा।** प्रदेश की इकोनॉमी को वन ट्रिलियन करने का लक्ष्य है। इसके लिए गौतमबुद्ध नगर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण) तीनों में करीब 20 हजार इंडस्ट्री का सर्वे कराया जा रहा है। ये सर्वे शासन की तरफ चयनित एजेंसी रामटेक साफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड और निवेश मित्र के प्रतिनिधि संयुक्त रूप से कर रहे है। इसका एक डेटा तैयार किया जाएगा। ये डेटा तीनों प्राधिकरण और शासन में भेजा जाएगा। जिससे इंडस्ट्री की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।




### लाइव पिक्चर और सेल्फी लेनी होगी

इस सर्वे के दौरान प्रतिनिधि फैक्ट्री पहुंचकर वहां की लाइव पिक्चर लेंगे। एक प्रोफार्मा भरना होगा। जिसमें आवंटी का नाम, मोबाइल नंबर, इमेल, जीएसटी नंबर, एमएसएमई सर्टिफिकेट नंबर, सीआईएन नंबर देना होगा। लाइव लोकेशन कंपनी कर्मी के साथ सेल्फी को भी प्रोफार्मा में अटैच करना होगा। कंपनियों का सर्वे शुरू किया जा चुका है। ये काम एक महीने में पूरा कर लिया जाएगा। जिससे एक डेटा बेस तैयार होगा। साथ ही ये जानकारी मिल सकेगी कि कितनी इंडस्ट्री फैक्ट्री एक्ट में रजिस्टर्ड है।

दरअसल, जीडीपी में सिर्फ वहीं इंडस्ट्री काउंट होती है जिनका रजिस्ट्रेशन फैक्ट्री एक्ट के तहत होता है।

वर्तमान में नोएडा में 3831 इंडस्ट्री फैक्ट्री एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है। इसमें 20 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे है। जिसमें 20 से कम कर्मी है उनका रजिस्ट्रेशन शॉप एक्ट के तहत किया जाता है। वर्तमान में नोएडा में करीब 1895 संस्थान है जो शॉप एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है।

# जनसाधारण एक्सप्रेस की 2 बोगी पटरी से उतरी

## झटका लगते ही चलती ट्रेन से यात्री कूदे; 9 ट्रेनों का रूट बदला गया

कानपुर। कानपुर में जनसाधारण एक्सप्रेस की 2 बोगी भाऊपुर (पनकी) में पटरी से उतर गई। ट्रेन मुजफ्फरपुर से अहमदाबाद जा रही थी। इंजन से 6वीं और 7वीं जनरल बोगी डिरेल हुई।

अचानक ट्रेन को झटका लगने के बाद पीछे की बोगियां एक तरफ टेढ़ी होने लगीं। इसके बाद यात्री ट्रेन से कूदने लगे। चीख-पुकार मच गई। लोग एक-दूसरे की मदद करने के लिए दौड़ते हुए दिखे। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

हादसे के बाद 9 ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया। लखनऊ से नई दिल्ली के बीच चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को वापस लखनऊ भेजना पड़ा। अब इसे दूसरे रूट से मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जा रहा है।

हादसे की सूचना मिलते ही डीआरएम समेत रेलवे के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। एक समिति का गठन किया गया है, जो हादसे की वजह पता करेगी।



आधिकारिक रूप से किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

### झटके से ट्रेन के रुकते ही यात्री कूद गए

मुजफ्फरपुर जंक्शन से अहमदाबाद के साबरमती बीजी जंक्शन जा रही जनसाधारण एक्सप्रेस के दो कोच भाऊपुर स्टेशन यार्ड के लूप लाइन लाइन नंबर 4 के पास बेपटरी हो गए। हादसे के समय ट्रेन की गति धीमी होने से कोई हताहत नहीं हुआ। तेज आवाज के साथ इंजन से 6वें और 7वें कोच के पहिए पटरी से उतरने लगे। इससे यात्रियों में हलचल मच गई। यात्री ट्रेन से नीचे कूदने लगे। आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंचे। रेलवे मेडिकल वैन को भेजा गया, लेकिन किसी के हताहत न होने के कारण मेडिकल वैन को पनकी में ही रोक दिया गया। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन को भेजा गया है।

इस हादसे की वजह से दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक ब्लॉक हो गया है। पीछे से आने वाली ट्रेनों को रोका गया है। इनकी निर्धारित संख्या रेलवे की तरफ से जारी नहीं की गई है। रेलवे के अधिकारियों ने जांच टीम का गठन किया है, जो हादसे की वजह का पता लगा रही है।

### अधिकारी मौके पर, समिति हादसे की वजह का पता लगा रही

रेलवे सोर्स के मुताबिक, ट्रेन हादसा दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर किमी. नंबर 1039/7-3 के बीच हुआ है। दोनों जनरल कोच में क्षमता से अधिक यात्री मौजूद थे। अचानक बोगी के बेपटरी होने की वजह से ट्रेन की बोगियों को तेज झटका लगा।

रेलवे के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। ट्रेन के डिब्बों को पटरी पर लाने और रूट को सामान्य करने के लिए तकनीकी टीमों को मौके पर बुलाया गया है। रेलवे (एनसीआर) के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया है कि 2 जनरल कोच डिरेल हुए हैं।

# चोरी का माल बरामद, बाल अपचारी सहित चार गिरफ्तार



ललितपुर। पाली पुलिस ने दो शातिर चोरों और दो बाल अपचारियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से तीन बैट्री, एक इनवर्टर बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पाली पुलिस द्वारा थाना पाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 99/2025 धारा 305 बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त करन अहिरवार पुत्र रामदास उम्र करीब 21 वर्ष नि0 पिपरी मुहल्ला कस्बा व थाना पाली ललितपुर इकबाल पुत्र अहमद उम्र करीब 19 वर्ष नि0 मुहल्ला हजारिया कस्बा व थाना पाली ललितपुर व दो बाल अपचारी अभियुक्तों को कांशीराम कालोनी कस्बा व थाना पाली ललितपुर से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। वादिया मुकदमा प्रधानाध्यापक कन्या उच्च प्रा0 विद्यालय कस्बा व थाना पाली ललितपुर द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि अज्ञात चोर द्वारा विद्यालय में रखी दो बैट्री व एक इनवर्टर चोरी कर लिया गया है।

# पूर्व प्रधान के बड़े भाई के निधन पर पहुंचे सपा महासचिव



पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी नफीस अहमद अंसारी ने शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की और गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने सबसे पहले ग्राम बालपुर माफी पहुंचकर पूर्व प्रधान गुरुदयाल सिंह के बड़े भाई के निधन पर उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा, जीवन और मृत्यु ईश्वर के हाथ में है, लेकिन दु:ख की इस घड़ी में समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता आपके साथ है। उन्होंने परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया। इसके बाद नफीस अहमद अंसारी ने बाडेपुरा, चठिया भैंसहा एवं बांसखेड़ा गांवों का भ्रमण कर वहां भी मृतकों के परिजनों से भेंट की और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनता के दुख-सुख में सहभागी रही है और आगे भी रहेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी, भूपराम कश्यप, निरंजन कुमार, सरदार अहमद अंसारी, भानु प्रताप सिंह, हरिशंकर गंगवार, मोहम्मद एजाज मलिक, गयासुद्दीन समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी।

# चूरन समझकर बच्चों ने खाई जहरीली दवा

अलीगढ़। अलीगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र में चूरन समझकर जहरीला पदार्थ खाने से 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गई। सिर में दर्द की शिकायत पर सभी को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामला अतरौली क्षेत्र के नरौना आकापुर की है। आकापुर नरौना के आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को रोज की तरह बच्चे आए थे। दोपहर का भोजन मिलने से पहले सभी बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई कर रहे थे। थोड़ी देर बाद कमरे से बदबू आने लगी। इसके बाद मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रवती, महेंद्र कौर और योगेश पहुंचे। देखा बच्चे उल्टी कर रहे थे। कुछ बच्चों ने बताया कि उनके सिर में दर्द हो रहा है। उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या किसी ने कुछ खाया है? तभी एक बच्ची ने डरते हुए एक पाउच फेंका। जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने उसे उठाकर देखा तो वह गेहूं को घुन से बचाने वाली जहरीली दवा का पाउच था।

# सीएमओ कार्यालय में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

ललितपुर। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ललितपुर में दिनांक 01 अगस्त 2025 को जागरूकता गोश्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि प्रत्येक वर्श की भांति इस वर्श भी 01 अगस्त से 07 अगस्त तक विष्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देष्य माताओं को षिषु के जन्म से 06 माह तक केवल मॉ का दूध पिलाने के लिये प्रोत्साहित करना और स्तनपान के महत्व को समाज मे व्यापक रूप से फैलाना है। षिषु के मानसिक व षारीरिक विकास में स्तनपान की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि मॉ का दूध शिशु के लिये सम्पूर्ण आहार है जो उसे कुपोशण संक्रमण और कई बीमारियों से बचाता है। विष्व स्तनपान सप्ताह 2025 की थीम है स्तनपान को प्राथमिकता दें:



स्थायी सहायता प्रणालियों का निर्माण करें। डी0पी0एम0 रजिया फिरोज ने बताया कि जन्म के तुरन्त बाद षिषु को पहला पीला गाढा दूध (कोलोस्ट्रम) अवष्य देना चाहिये क्योकि यह षिषु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है।

जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रविशंकर झा ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान स्तनपान को बढावा देने के लिये प्रचार प्रसार के विभिन्न तरीकों का उपयोग किया जायेगा। इस दौरान नाजमीन खान स्टेट ट्रेनर द्वारा स्तनपान के तरीकों, सावधानियों और स्तनपान के दौरान आने वाली सामान्य समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया। गोश्ठी के दौरान उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 षिव प्रकाष, डा0 प्रदीप सिंह यादव, डी0सी0पी0एम0 गणेष तेंगुरिया, एस0एम0ओ डा0 सुमित बघेल, डी0एम0सी0 यूनीसेफ सबा परवीन, जन्म-मृत्यु डी0पी0ए0 आलोक सचान, विभिन्न ब्लॉकों से आये अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन कन्विक्शन : एक माह में 109 अपराधियों को दिलाई सजा

ललितपुर। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अभियोगों की प्रभावी पैरवी कराये जाने के आदेश के क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन कानपुर व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देश के क्रम में, पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र व अधिक से अधिक सजा दिलाने जाने हेतु प्रभावी पैरवी कराते हुये मॉनीटरिंग सेल/पैरवी सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार एवं क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी /विवेचकगण आदि को मा0 न्यायालय में पैरवी हेतु नामित किया गया था। जिनके द्वारा अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी मा0 न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय ललितपुर द्वारा 01 माह (जुलाई) में कुल 71 चिन्हित अभियोगो में कुल 109 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवायी गयी तथा कुल 1,85,500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित करवाया गया है। पाक्सो/दुष्कर्म के 02 अभियोग में 01 अपराधी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 40 हजार रूपये के अर्थदण्ड व दो अभियुक्तो को 03-03 वर्ष का कारावास व 3-3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

इसी क्रम में अन्य 69 चिन्हित अभियोगो में 106 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा व अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। उक्त के अतिरिक्त आबकारी अधिनियम के 13 अभियोगों में 13 अभियुक्तों को सजा करायी गयी।

# हाथ पर सुसाइड नोट लिखकर युवती ने जान दी

अमरोहा। अमरोहा में हाथ पर सुसाइड नोट लिखकर छात्रा ने जान दे दी। वह गुरुवार रात अपने घर में फंदे से लटक गई। उसने हाथ पर लिखा- सब अरुण की गलती से हुआ है। मेरी मौत का जिम्मेदार सिर्फ अरुण है। मैंने एक और सुसाइड नोट लिखा है, जो भी उसे देखे फाड़े नहीं। परिजनों के मुताबिक, बेटी को गांव के दो सगे भाई परेशान करते थे। दोनों ने उसका एक वीडियो बनाकर गांव में सबको दिखाया था, जिसमें वो चचेरे भाई के साथ बाइक पर बैठकर जा रही थी। दोनों ने वीडियो वायरल न करने के बदले 60 हजार रुपए मांगे थे। पुलिस ने शुक्रवार सुबह शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। दोनों भाइयों पर केस दर्ज किया है। घटना सैदनगली के देहरा मिलक गांव की है। छात्रा की भाभी मोनिका ने बताया- रुचि ने गुरुवार रात हम सभी लोगों के साथ खाना खाया था। फिर वो कमरे में सोने चली गई थी। कल सुबह मैं रुचि (26) को कमरे में उठाने गई तो उसका पंखे से लटका शव दिखा।

# ठेकेदार ने बैकल्पिक रास्ते का कराया निर्माण राहगीरों को मिली राहत



दियोरिया। क्षतिग्रस्त पुलिया को बारिश के मौसम में बिभाग के निर्देश पर ठेकेदार के द्वारा पुलिया निर्माण के लिए खुदाई कराने के दौरान हुई तेज वारिस के चलते ठेकेदार काम छोड़कर फरार हो गया था। घटना के बाबत प्रधान ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत की। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेकर अधिकारियों ने ठेकेदार को बैकल्पिक रास्ते का निर्माण कराने के निर्देश दिये उक्त निर्देशो चलते ठेकेदार ने वैकल्पिक रास्ते का निर्माण करा दिया है।गौरतलब हो कि क्षेत्र के ग्राम पैतबोजी के समीप रास्ते में पानी निकास के लिये बनी पुलिया गत वर्ष पानी के तेज बहाव के चलते बह गयी थी मात्र पैदल निकलने के लिए थोड़ा रास्ता बना रह गया था जिससे लोग निकलते रहते थे।व वाइक को उतर कर निकालते थे। इधर पुलिया के क्षतिग्रस्त होने सेआसपास के पंद्रह गांवो की लगभग पचास हजार आबादी के लोगों का आवागमन प्रभाबित हो गया था।

इस पुलिया से सम्पर्क कटने से लोगों को बरखेड़ा ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पडती थी, ग्रामीणों की समस्या को लेकर ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत की उक्त शिकायत को गम्भीरता से लेकर विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदार को वैकल्पिक रास्ता बनाने के निर्देश दिए। उक्त निर्देशो के अनुपालन में ठेकेदार ने वैकल्पिक रास्ता देकर ग्रामीणों की समस्या का निदान करा दिया है।तथा बताया है। कि इस पुलिया का निर्माण कार्य बारिश के मौसम के बाद शुरू कराया जायेगा, जिससे बिभाग के निर्देश पर ठेकेदार के द्वारा बैकल्पिक रास्ते का निर्माण करा दिया गया है, ताकि निकलने बाले राहगीरों को लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

# विकास खंड पूरनपुर की उपलब्धियों पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

## 41 फ्रंटलाइन वर्कर्स को किया गया सम्मानित, आकांक्षा हाट में उमड़ी भीड़

विशाल इंडिया संवाददाता

पीलीभीत। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आकांक्षात्मक विकास खंड के रूप में चयनित पूरनपुर की बहुआयामी उपलब्धियों के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गांधी प्रेक्षागृह, गांधी स्टेडियम में भव्य सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### छह संकेतकों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में पूरनपुर ब्लॉक के छह प्रमुख संकेतकों—स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन एवं बुनियादी ढांचा—में सराहनीय योगदान देने वाले 41 फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य मंच पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं देशभक्ति गीतों ने वातावरण को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया।




### जनसेवा में समर्पण का संकल्प दोहराया गया

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि वे गोमती नदी के उद्गम स्थल की निवासी हैं और गोमती की तरह समाज की सेवा कर सभी की 'प्यास' बुझाना उनका उद्देश्य है।

उन्होंने अपने विद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### जिलाधिकारी ने साझा की शारदा पुल निर्माण की योजना

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जनपद को 1.5 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है, जो विभागों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से इसी ऊर्जा और समर्पण से कार्य करते रहने की अपील की।

उन्होंने शारदा नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण की जानकारी भी दी, जिससे क्षेत्रवासियों को तहसील मुख्यालय तक सुगम आवागमन मिलेगा।

### आकांक्षा हाट में लगीं योजनाओं से जुड़ी प्रदर्शनियां

स्टेडियम परिसर में आयोजित आकांक्षा हाट का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, यूपी नेडा, स्वयं सहायता समूह, फैमिली आईडी, बांसुरी उद्योग सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए। इन स्टालों पर भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### कई विभागीय अधिकारियों व शोधार्थी को मिला विशेष सम्मान

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक शर्मा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजकुमार सेठ, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी, स्वयं सहायता समूह से वंदना सिंह, मुख्यमंत्री शोधार्थी कीर्ति दीक्षित सहित कई अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी साझा की। कीर्ति दीक्षित को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

### सफल संयोजन और संचालन

कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार ने किया, जबकि मंच संचालन जिला विकास अधिकारी संजय कुमार द्वारा संपन्न कराया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# शार्ट न्यूज

## मरौरी ब्लॉक में युवक व महिला मंगल दलों को वितरित की गई खेल प्रोत्साहन सामग्री




पीलीभीत। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, पीलीभीत के तत्वावधान में विकास खण्ड मरौरी में चयनित युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण कार्यक्रम शुक्रवार को विकास खण्ड सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभ्यता देवी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख मरौरी मौजूद रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में लियाकत अली, खण्ड विकास अधिकारी मरौरी एवं मेहरबान सिंह राणा, एडीओ पंचायत मरौरी ने सहभागिता की। इस अवसर पर कुल 7 युवक मंगल दल एवं 13 महिला मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित की गई। बीडीओ मरौरी लियाकत अली ने मंगल दलों की सामाजिक उपयोगिता को रेखांकित करते हुए युवाओं से आग्रह किया कि वे सामाजिक विकास, स्वच्छता, एवं पौधारोपण जैसे जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की आवश्यकता पर मंगल दल सीधे उनके संपर्क में आ सकते हैं

## 75 किलो चांदी लूटने वाला बदमाश ढेर

मथुरा। मथुरा में 75 किलो चांदी लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया- गुरुवार देर रात पुलिस को मुखबिर से आगरा बॉर्डर पर बदमाशों के मूवमेंट की सूचना मिली। इसके बाद टीम ने घेराबंदी की। पुलिस ने बिना नंबर की बोलेरो को रुकवाया, लेकिन बदमाशों ने गाड़ी नहीं रोकी, बल्कि फायरिंग करते हुए भागने लगे। जवाबी फायरिंग में आगरा के रहने वाले राहुल (26) और नीरज (36) घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक बदमाश नीरज की मौत हो गई। जांच में पता चला कि बदमाशों ने मंगलवार शाम कारोबारी से 75 किलो की चांदी लूटी थी। पुलिस की आठ टीमें लुटेरों की धरपकड़ में जुटी हुई थीं। फिलहाल, कारोबारी की लूटी हुई एक करोड़ रुपए की चांदी बरामद कर ली गई है। लुटेरों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। राहुल ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने कारोबारी की रेकी नमक मंडी से की थी।

## तिरपाल डालते समय ट्रक से गिरा युवक, मौत

ललितपुर। ललितपुर में शुक्रवार की सुबह एक हादसा हुआ। हाईवे पर ट्रक पर तिरपाल डालते समय एक क्लिंजर नीचे गिर गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। हरियाणा के जिला नूर के थाना इराना के गांव सिगार निवासी 32 वर्षीय तारिक पुत्र अयास ट्रक पर क्लींजर का काम करता था। वह ट्रक पर चेन्नई गया हुआ था। शुक्रवार को ट्रक चेन्नई से चलकर ललितपुर के हाइवे पर स्थित ग्राम बिरधा के निकट पहुंचा था। सुबह बारिश के कारण चालक ने ट्रक को खड़ा कर दिया। तारिक ट्रक पर चढ़कर तिरपाल बांधने लगा। इसी दौरान वह ट्रक से नीचे हाइवे पर गिर गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं। ट्रक चालक उसे तुरंत बिरधा अस्पताल ले गया। वहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की शाम ललितपुर पहुंचे परिजनों ने बताया कि तारिक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके दो पुत्र हैं।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सहारनपुर। सहारनपुर के थाना बड़गांव क्षेत्र के गांव अंबेहटा चांद में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। शव नग्न अवस्था में था और कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। गांव के निवासी हरिओम राणा ने पुलिस को सूचना दी कि उनके खेत में लगे पॉपुलर के पेड़ पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव लटका हुआ है। शव के पास ही कपड़े पड़े मिले थे। मृतक के चेहरे को बेरहमी से कुचला गया था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। सूचना मिलते ही थाना बड़गांव पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्राथमिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष आंकी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी बड़गांव ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस शव की पहचान के प्रयास कर रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग इसे आत्महत्या या हत्या, दोनों ही नजरिए से देख रहे हैं।

## साइकिल से टकराई बाइक, युवक की मौत

बदायूं। बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के बिल्सी रोड पर सगवा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। साइकिल से बाइक के टकराने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दो युवतियां भी घायल हो गईं। घटना में चरसौरा गांव के 32 वर्षीय हसमत पुत्र शानू की मौत हो गई। वह चिड़ियाखेड़ा गांव की रामजानू और मुनीशा के साथ बाइक पर सवार होकर विक्रमपुर चरसौरा से इस्लामनगर की ओर आ रहा था। सगवा गांव के पास उनकी बाइक एक साइकिल सवार से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हसमत की मौके पर ही मौत हो गई। साइकिल पर सवार रामजानू और मुनीशा घायल हो गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हसमत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों घायल युवतियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे में साइकिल सवार को कोई चोट नहीं लगी है और वह अपने घर चला गया है।

## शराब के पैसे न देने पर नाबालिग पर हमला

मेरठ। मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र में शराब के पैसे न देने पर हापुड़ के एक नाबालिग किशोर पर जानलेवा हमला किया गया। आरोपियों ने किशोर को चाकू से गोदा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। घटना 24 जुलाई की है जब हापुड़ के मोहल्ला नबी करीम स्थित चंडी मंदिर रोड निवासी कविता के नाबालिग बेटे को सचिन नामक व्यक्ति अपने साथ रिश्तेदारी में सिंदारा देने के लिए ले गया था। वापस आते समय सचिन ने किशोर से शराब के लिए पैसे मांगे। किशोर द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर सचिन ने अपने साले के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। आरोपी उसे मरा समझकर मौके से फरार हो गए। शुक्रवार को होश आने पर किशोर ने अपने परिवार को फोन किया। परिवार के लोग उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की मां कविता का आरोप है कि थाना पुलिस आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। किशोर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## झोपड़ी में करंट उतरने से मजदूर की मौत

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के अर्जुनगंज स्थित गिट्टी प्लांट के पास झोपड़ी में रह रहे एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मेवालाल (45) के रूप में हुई है, जो ग्राम पहाड़पुर कोड़रा, थाना तंबौर, जिला सीतापुर का निवासी था। घटना का पता तब चला जब सुबह मेवालाल काम पर नहीं पहुंचा। साथी मजदूरों ने उसे फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वे उसकी झोपड़ी पर गए और वहां उसे मृत अवस्था में पाया। मजदूरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पाया कि झोपड़ी में करंट आ रहा था। पुलिस ने पहले बिजली के तार को कटवाया और फिर शव को बाहर निकाला। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि मेवालाल जमीन पर सो रहा था। उसके पास एक बिजली का बोर्ड था जिसमें पानी भर गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंगापुर की राष्ट्रपति से मिलेंगे 7 भारतीय मजदूर

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में हाल ही में एक सिंकहोल हादसे में महिला ड्राइवर की जान बचाने वाले सात भारतीय प्रवासी मजदूरों को राष्ट्रपति थरमन शनमुगरत्नम ने 3 अगस्त को इस्ताना प्रेसिडेंशियल पैलेस में होने वाले ओपन हाउस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। इन सभी की बहादुरी की प्रशंसा राष्ट्रपति, मंत्रालय और आम जनता ने की है। इनके लिए 72,241 सिंगापुर डॉलर की राशि दान स्वरूप भी जुटाई गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले भारतीय को सिंगापुर में सजा

**सिंगापुर , एजेंसी।** सिंगापुर हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिक रामलिंगम सेल्वशेखरन (58) को 11 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और छेड़छाड़ के तीन मामलों में दोषी पाते हुए 14 साल, तीन महीने और दो सप्ताह की जेल की सजा सुनाई है। उसकी उम्र 50 से अधिक होने के कारण उसे बेंत की सजा नहीं दी गई, लेकिन उसके स्थान पर अतिरिक्त कारावास दिया गया। अदालत ने उसके सभी बचाव तर्कों को खारिज कर सजा को सही ठहराया।

### इस्राइल में 16 वांछित आतंकी पकड़े गए

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइली सुरक्षा बलों ने यहूदिया और सामरिया में रातोंरात 16 वांछित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से नौ संदिग्ध यहूदिया में इस्राली नागरिकों पर पत्थरबाजी में शामिल थे। इसके अलावा इस्राइल की आतंकवाद-रोधी सामान्य सुरक्षा सेवा एजेंसी- शिन बेट और इस्राइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने संयुक्त अभियान चलाकर सामरिया के जाबा गांव में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए।

### रूस ने इंटरनेट की चिंता के चलते Ookla के स्पीडटेस्ट पर रोक लगाई

**मास्को, एजेंसी।** रूस ने अमेरिका की एक कंपनी द्वारा बनाए गए इंटरनेट स्पीड जांचने वाले टूल ओ ओक्ला स्पीडटेस्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका कारण यह बताया गया है कि इंटरनेट की धीमी गति और सुरक्षा खतरों को देखते हुए यह टूल रूस के लिए खतरा बन सकता है। रूस के संचार नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर का कहना है कि स्पीडटेस्ट जैसे टूल से इंटरनेट की स्पीड और डिले का पता चल जाता है, और यह जानकारी दुश्मन देशों द्वारा इस्तेमाल की जा सकती है- जैसे कि दूर से कंट्रोल किए जाने वाले ड्रोन के लिए। रिपोर्ट के अनुसार, स्पीडटेस्ट कंपनी ओ ओक्ला पर पहले भी जुर्माना लगाया जा चुका है क्योंकि उसने रूसी यूजर्स का डेटा रूस के अंदर स्टोर नहीं किया था। अब, रूस सरकार ने लोगों को चेतावनी दी है कि मोबाइल इंटरनेट की स्पीड और कमजोर हो सकती है, खासकर यूक्रेन के ड्रोन हमलों की वजह से। लोगों को सलाह दी गई है कि मोबाइल इंटरनेट की जगह वाई-फाई या केबल इंटरनेट का इस्तेमाल करें।

### ट्रंप के लिए सीडीसी की निदेशक नियुक्त हुई सुसान मोनारेज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए सीनेट ने अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के निदेशक पद के लिए सुसान मोनारेज की नियुक्ति की पुष्टि कर दी है। 50 वर्षीय मोनारेज को जनवरी में कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया था और फिर मार्च में ट्रंप द्वारा अपनी पहली पसंद डेविड वेल्डन को अचानक वापस लेने के बाद उन्हें नामित किया गया। इस संघीय एजेंसी का काम बीमारियों पर नजर रखना और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से निपटना है। उन्हें 51-47 वोट मिले।

### नेपाल के सांसदों ने विक्रम मिस्री से की मुलाकात

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के सांसदों के एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बताया कि इस दौरान दोनों पक्ष ने बहुआयामी द्विपक्षीय साझेदारी के विस्तार के अवसरों पर चर्चा की। सोशल मीडिया पोस्ट में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बैठक की कुछ तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा, विदेश सचिव ने बुधवार को नेपाल के सांसदों के एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की और पारस्परिक लाभ के लिए बहुआयामी भारत-नेपाल साझेदारी के विस्तार के अवसरों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की भारत यात्रा से पहले हो रही है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि ओली सितंबर के मध्य में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे और इसकी तैयारियां चल रही हैं।

### नेब्रास्का के बायोफ्यूल प्लांट में धमाका, दो लड़कियों समेत एक कर्मचारी की मौत

**लिंकन, एजेंसी।** नेब्रास्का के एक बायोफ्यूल प्लांट में मंगलवार को जोरदार धमाका हुआ, जिसमें दो लड़कियों और एक कर्मचारी की मौत हो गई। दोनों लड़कियां अपने किसी रिश्तेदार का इंतजार कर रही थीं, जो वहीं काम कर रहा था। हादसे के बाद से फैक्ट्री में आग लगी हुई है, जो बुधवार तक भी बुझ नहीं पाई थी। फ्रेमोंट शहर के मेयर जॉय स्पेलरबर्ग ने बताया कि लड़कियां डॉक्टर के पास जाने से पहले इस फैक्ट्री में आई थीं। उनकी उम्र लगभग 12 साल से कम बताई गई है। डॉज काउंटी के एक पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि तीनों लोग एक ही परिवार के सदस्य थे।

# ट्रंप की पुरानी आदत है पहले तनाव पैदा करना फिर खुद समाधान बताना', बोले पूर्व अमेरिकी अधिकारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है। हालांकि इसके बाद उनका एक बयान ये भी सामने आया कि वो इस पर भारत से बात कर रहे हैं। वहीं, टैरिफ के फैसले ने दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों में नई बेचैनी पैदा कर दी है। ट्रंप के इस कदम को कुछ अमेरिकी पूर्व अधिकारी एक रणनीतिक दबाव की नीति बता रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि दोनों देशों के बीच बातचीत की गुंजाइश अभी भी मौजूद है और समझदारी से काम लिया जाए तो एक ऐतिहासिक समझौता हो सकता है। आइए जानते हैं कि पूर्व अमेरिका अधिकारियों का क्या कहना है।

रे विकरी ने ट्रंप के टैरिफ फैसले पर कहा कि यह उनका जाना-पहचाना तरीका है। वह पहले एकतरफा दबाव बनाते हैं, फिर उसी समस्या का समाधान पेश कर खुद को विजेता के रूप में पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है। भारत और अमेरिका दोनों के पास समझदार नेतृत्व है जो बातचीत से रास्ता निकाल सकता है।



**वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में आए भारत- रे विकरी :** पूर्व अमेरिकी व्यापार सचिव रे विकरी का कहना है कि रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद उसने भारत और चीन को कम कीमत पर तेल बेचना शुरू किया। इससे भारत को जरूर फायदा हुआ, लेकिन अब भारत को यह सोचना होगा कि एक लोकतांत्रिक राष्ट्र होने के नाते उसका दीर्घकालिक हित किसमें है। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों को विविध बनाना चाहिए और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभानी चाहिए।

**भारत को दुनिया में नेतृत्व दिखाना होगा :** विकरी ने यह भी कहा कि ट्रंप के पूरी तरह लेन-देन आधारित रवैये से वैश्विक लोकतांत्रिक नेतृत्व में खालीपन आ गया है। भारत जैसे देश, जो लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते हैं, उनको इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ज्यादा सक्रियता दिखानी चाहिए। इससे भारत को वैश्विक रणनीतिक भूमिका निभाने में मदद मिलेगी।

**ट्रंप की उम्मीदों पर नहीं खरी उतरी डील :** पूर्व अमेरिकी असिस्टेंट स्टेट सेक्रेटरी और एशिया ग्रुप की पार्टनर निशा बिस्वाल का कहना है कि कुछ दिन पहले तक संकेत मिल रहे थे कि अमेरिका और भारत के बीच 'फेज वन डील' लगभग तय हो चुकी है। लेकिन अब ट्रंप का नया फैसला बताता है कि वह अंतिम दौर की बातचीत में ज्यादा दबाव बनाकर डील को अपने पक्ष में मोड़ना चाहते हैं। उनका मानना है कि यह ट्रंप की एक पुरानी रणनीति है कि पहले तनाव पैदा करना और फिर समाधान पेश कर जीत का दावा करना।

**भारत-रूस संबंधों पर ट्रंप की नाराजगी :** ट्रंप द्वारा भारत के रूस के साथ रिश्तों की आलोचना को लेकर भी निशा बिस्वाल ने कहा कि यह मतभेद कोई नया नहीं है। अमेरिका हमेशा भारत के पुराने रणनीतिक रिश्तों को समझता रहा है, लेकिन ट्रंप इस बार कम लचीलापन दिखा रहे हैं। उनके अनुसार, यह भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में एक अस्थायी चुनौती है, न कि विश्वास में कमी का संकेत।

**बातचीत जारी रहे, यही दोनों देशों के हित में :** निशा बिस्वाल ने साफ कहा कि अमेरिका और भारत को संवाद जारी रखना चाहिए। भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, वहीं अमेरिका के लिए भी भारत एक तेजी से उभरता बाज़ार और रणनीतिक सहयोगी है। ऐसे में दोनों देशों को आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाना चाहिए ताकि चीन जैसे प्रतिस्पर्धी देशों को पीछे छोड़ा जा सके।

**सिंगापुर में नौकरी के लिए पैसे मांगे भारतीय को जेल : सिंगापुर , एजेंसी।** सिंगापुर की एक अदालत ने भारत के चरणजीत सिंह (20) को धोखाधड़ी और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का दोषी पाया है। उस पर घरेलू कामगार को उसके रिश्तेदारों के लिए फर्जी नौकरी के प्रस्ताव के लिए 3,700 सिंगापुरी डॉलर मांगने का आरोप लगा था। सिंह को 13 हफ्ते जेल की सजा सुनाई गई है। उसने अक्तूबर 2024 में भारतीय घरेलू कामगार से रिश्तेदारों को नौकरी की अर्जी के लिए रकम मांगी।

## गाजा में भोजन का इंतजार रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी, 48 की मौत, अमेरिकी राजदूत विटकॉफ पहुंचेंगे इस्राइल



**गाजा, एजेंसी।** गाजा में राहत सामग्री वितरण न होने से फलस्तीनी परेशान हैं। भोजन की कमी और कुपोषण के चलते गाजा में हालात बदतर होते जा रहे हैं। गाजा पट्टी में भोजन का इंतजार कर रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी कर दी गई। इसमें 48 फलस्तीनियों की मौत हो गई। जबकि तमाम लोग घायल हो गए। यह हिंसा ऐसे समय में हुई जब अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ गाजा की स्थिति पर बात करने के लिए इस्राइल पहुंचेंगे। अंतरराष्ट्रीय प्राधिकरण के अनुसार इस्राइल के सैन्य आक्रमण और नाकाबंदी के कारण लगभग 20 लाख फलस्तीनियों के तटीय क्षेत्र में अकाल की सबसे खराब स्थिति पैदा हो गई। कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने के कारण सहायता काफिले हताश भीड़ से भर गए हैं। गाजा शहर के शिफा अस्पताल ने बताया कि मृतक और घायल जिकिम क्रॉसिंग पर जमा भीड़ में पर गोलीबारी हुई। एक वीडियो में गोलीबारी में घायल लोगों को लकड़ी की गाड़ियों में ले जाते हुए दिखाया गया है। साथ ही लोगों की भीड़ आटे के बैग लेकर जा रही है। अल-सराया फील्ड अस्पताल ने बताया कि वहां 100 से ज्यादा लोग मृत और घायल हुए हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा के प्रमुख फरेस अवाद ने बताया कि कुछ शवों को दूसरे अस्पतालों में ले जाया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस्राइली हमलों और गोलीबारी में रात भर और बुधवार तक कम से कम 48 फलस्तीनी मारे गए। वहीं एक बच्चे समेत सात अन्य फलस्तीनी कुपोषण से संबंधित कारणों से मारे गए। गोलीबारी को लेकर इस्राइली सेना ने कोई जवाब नहीं दिया। सेना ने बस इतना कहा कि वह केवल चरमपंथियों को निशाना बना रही है।

## विमान में टर्बुलेंस से यात्री घायल, अमेरिका में डेल्टा विमान की करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डेल्टा एयरलाइंस के एक यात्री विमान की गंभीर टर्बुलेंस के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। डेल्टा एयरलाइंस के अनुसार, साल्ट लेक सिटी से एम्स्टर्डम जा रही एक उड़ान बुधवार रात गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई, जिससे यात्री घायल हो गए। इसके बाद विमान को मिनियापोलिस-सेंट पॉल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़कर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

एयरलाइन ने कहा कि मेडिकल स्टाफ ने उड़ान का निरीक्षण किया और 25 यात्रियों को जांच और उपचार के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उड़ान के दौरान होने वाली टर्बुलेंस से गंभीर चोटें आनीं दुर्लभ हैं, लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण जेट स्ट्रीम में परिवर्तन होने के कारण ऐसे मामले अधिक आम हो सकते हैं। मई 2024 में सिंगापुर एयरलाइंस की एक उड़ान में ऐसी ही एक गंभीर परेशानी आने से आने से एक व्यक्ति की मौत हो ग थी ई, जो कई दशकों में किसी प्रमुख एयरलाइन में टर्बुलेंस के कारण किसी यात्री की मौत का पहला मामला था।

# अमेरिकी नौसेना का एफ-35 लड़ाकू विमान क्रैश, पायलट सुरक्षित; लेमूर एयरबेस के पास हुआ हादसा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी नौसेना का एफ-35 फाइटर जेट कैलिफोर्निया के नेवल एयर स्टेशन लेमूर के पास क्रैश हो गया। नौसेना के बयान के अनुसार, पायलट ने समय रहते अपनी जान बचा ली, फिलहाल वो सुरक्षित है और खतरे से भी बाहर है। यह विमान स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वीएफ-125 रफ रेडर्स से जुड़ा था। इन इकाई वाले विमानों का प्रयोग अधिकतर पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षण देने के लिए किया जाता है। हादसे के बाद से ही अमेरिकी नौसेना मुस्तैद है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। 100 मिलियन डॉलर का था यह लड़ाकू विमान जो एफ-35 विमान क्रैश हुआ, वह लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी करीब 830 करोड़ रुपये की लागत वाला था। यह अमेरिकी नौसेना के लिए डिजाइन किया गया एक विशेष वैरिएंट है जिसे एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ाया जा सकता है। इस विमान को लॉकहेड मार्टिन कंपनी बनाती है और इसे अत्याधुनिक स्टील्थ, रडार अवॉइडेंस और लड़ाकू क्षमताओं के लिए जाना जाता है। प्रशिक्षण स्क्वाड्रन से जुड़ा था विमान नौसेना के अनुसार यह विमान वीएफ-125 रफ रेडर्स नामक स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन से जुड़ा था। यह स्क्वाड्रन एक फ्लीट रिप्लेसमेंट यूनिट है, जो नए पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षित करने का काम करती है। यानी यह विमान किसी मिशन पर नहीं बल्कि प्रशिक्षण उद्देश्यों के तहत



उड़ान पर था। इन देशों के पास है ये लड़ाकू विमान एफ-35 अमेरिका और उसके 19 सहयोगी देशों की पहली पसंद है, जो वैश्विक सुरक्षा को मजबूत करता है और दुनियाभर में खतरों को रोकने की क्षमता देता है। यह लड़ाकू विमान स्थिरता, इंटरऑपरेबिलिटी और बेहतरीन मूल्य प्रदान करता है। ये अमेरिकी सेना के लिए सबसे अहम फिफ्थ जनरेशन फाइटर जेट माना जाता है। इसे अमेरिकी वायुसेना, नौसेना और मरीन कॉर्प्स तीनों अलग-अलग वैरिएंट्स में इस्तेमाल करते हैं। यह साझेदार देशों के बीच तालमेल बढ़ाकर साझा प्रतिरोध को सशक्त करता है। एफ-35 के बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से साझेदार देश एकजुट होकर दुनिया में शांति की रक्षा करते हैं। इसकी तकनीक और रणनीतिक क्षमताएं वैश्विक शक्ति संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं।

## सुनामी के अलर्ट के बाद लोगों की मदद के लिए ओपरा विन्फ्रे ने नहीं खोली निजी सड़क, यूजर्स ने घेरा

**हवाई, एजेंसी।** रूस के पूर्वी तट कामचटका प्रायद्वीप में आए 8.7 तीव्रता वाले भूकंप के बाद जानी मानी टीवी शो निर्माता और होस्ट ओपरा विन्फ्रे को सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। लोगों ने आरोप लगाया कि भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। लोग घरों से निकले, लेकिन ओपरा विन्फ्रे ने हवाई के कुला से वाइलिया को जोड़ने वाली अपनी निजी सड़क को नहीं खोला। सुनामी के अलर्ट के बाद लोग एक साथ सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए निकले तो हवाई में जगह-जगह जाम लग गया। लोगों ने कहा कि अगर ओपरा अपनी निजी सड़क खोल देंती तो लोगों को मदद मिल सकती थी।



बुधवार को रूस में कामचटका प्रायद्वीप के पास शक्तिशाली भूकंप दर्ज किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 8.7 दर्ज की गई। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि सुबह 8-25 बजे भूकंप समुद्र के नीचे उथले इलाके में आया। इसके कारण रूस, जापान, गुआम, हवाई और अलास्का में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। सुनामी की चेतावनी के बाद लोग घरों से सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए निकले। इस दौरान हवाई में जगह-जगह जाम लग गया। लोगों ने जाम में फंसने के दौरान ओपरा विन्फे पर गुस्सा निकाला।

लोगों ने एक्स पर लिखा कि ओपरा हवाई के वाइले से कुला तक अपनी निजी सड़क नहीं खोलेंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए ऊंचे स्थानों पर पहुंचना आसान हो जाएगा। माउई में भारी यातायात है और हजारों लोग आने वाली भयंकर सुनामी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। ओपरा सड़क खोल दीजिए। एक अन्य यूजर ने लिखा कि क्या उसे उत्पीड़ित नहीं होना चाहिए था? उसके पास अपना निजी रास्ता कैसे है? क्या वह महिला और अश्वेत नहीं है? क्या वह अंतर्संबंधता पैमाने पर बहुत उच्च स्कोर नहीं करती है? मुझे यह समझ में नहीं आता। यह मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता

वहीं कुछ लोगों ने ओपरा का समर्थन भी किया। उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने कभी सड़क न खोली हो। उन्होंने आग लगने के दौरान इन्हें खोला था। अब वह ऐसा क्यों नहीं करेगी? 2023 में माउई जंगल की आग के दौरान निकासी में मदद करने के लिए अपनी निजी सड़क खोलने के लिए विन्फ्रे की सराहना की गई। हवाई के माउई द्वीप पर ओपरा की कई संपत्तियां हैं।

## पाकिस्तान ने चीन से लॉन्च किया रिमोट वाला सैटेलाइट, सीपीईसी पर रखेगा आसमान नजर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने चीन की मदद से एक रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट लॉन्च किया है। इसकी लॉन्चिंग भी चीन स्थित शिचांग सैटेलाइट लॉन्चिंग सेंटर से हुई है। पाकिस्तान की स्पेस एंड अपर एटमॉस्पियर रिसर्च कमिशन यानी एसयूपीएआरसीओ ने इसकी जानकारी गुरुवार को दी है। एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह सैटेलाइट पाकिस्तान और चीन को सीपीईसी की निगरानी में मदद करेगी। इसके अलावा अंतरिक्ष से ही चीन और पाकिस्तान की कई साझा परियोजनाओं पर नजर रखी जा सकेगी। बता दें कि चीन पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से गुजरता है, जो वास्तव में भारत का हिस्सा है।

यह सैटेलाइट पीओके पर भी नजर रखेगा और यह भारत के लिए भी एक अलर्ट रहने वाली खबर है। पाकिस्तानी एजेंसी का कहना है कि इस सैटेलाइस से कृषि क्षेत्र की जानकारी जुटाई जा सकेगी। इसके अलावा पर्यावरणीय मसलों का विश्लेषण करने में भी मदद मिलेगी। रणनीतिक महत्व की चीजों पर भी निगरानी रखी जा सकेगी और प्राकृतिक संसधानों का भी प्रबंधन किया जा सकेगा। पाकिस्तानी एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि सैटेलाइट से हमें पता चलेगा कि कहां पर भौगोलिक बाधाएं और उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है।



एजेंसी का कहना है कि रिमोट से संचालित होने वाला पाकिस्तान का यह दूसरा सैटेलाइट है। इससे पहले पीआरएसएस-1 की लॉन्चिंग की गई थी। उसे 2018 में लॉन्च किया गया था। इस नए सैटेलाइट के साथ ही पाकिस्तान के कुल 5 सैटेलाइट अंतरिक्ष की कक्षा में सक्रिय हो गए हैं। पाकिस्तान का कहना है कि इससे हमें स्पेस आधारित मॉनिटरिंग और आपदा प्रबंधन में मदद मिलेगी। बता दें कि पाकिस्तान अंतरिक्ष अभियानों में भी पूरी तरह चीन पर ही निर्भरता रखता है। इसे ऐसे समझा जा सकता है कि उसका यह सैटेलाइट भी चीन से ही लॉन्च किया गया है।

# अफ्रीका और सीरिया में बढ़ा इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा का खतरा, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गई एक नई रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) और अल-कायदा जैसे चरमपंथी संगठनों का खतरा अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सबसे ज्यादा है और अब यह खतरा सीरिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों आतंकी संगठन सीरिया को भविष्य के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में देख रहे हैं जहां से वे बाहरी हमले संचालित कर सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिम अफ्रीका में अल-कायदा से जुड़ा समूह जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) और पूर्वी अफ्रीका में अल-शबाब संगठन लगातार अपने प्रभाव वाले इलाकों का विस्तार कर रहे हैं। इस्लामिक स्टेट के मिडिल ईस्ट में कमजोर पड़ने के बाद अफ्रीका में उनका ध्यान केंद्रित हुआ है। सीरिया में फिर सिर उठा रहा आतंक सीरिया में बशर अल-असद के सत्ता से हटने के छह महीने बाद भी हालात अस्थिर बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वहां दोनों आतंकी संगठनों के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। दिसंबर 2023 में दमिश्क पर कब्जे की सैन्य कार्रवाई में 5,000 से ज्यादा विदेशी आतंकियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। यूरोप और अमेरिका पर भी खतरा बरकरार विशेषज्ञों ने कहा कि यूरोप और अमेरिका के लिए इस्लामिक स्टेट का खतरा अब भी गंभीर है। अमेरिका में कई आतंकी साजिशें आईएसआईएस से प्रेरित पाई गई हैं, जिनमें सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स के जरिए कट्टरपंथ फैलाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यू ऑरलियन्स में एक हमले में 14 लोगों की मौत और मिशिगन में



एक सैन्य ठिकाने पर हमले की योजना नाकाम की गई। आर्थिक संकट में हैं आतंकी संगठन रिपोर्ट में बताया गया है कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट को फंडिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनके लड़ाकों की सैलरी 50-70 डॉलर प्रति माह तक घटा दी गई है, जो पहले से कहीं कम है। परिवारों को दी जाने वाली राशि भी अब केवल 35 डॉलर है और वह भी नियमित रूप से नहीं दी जा रही। फंडिंग के लिए अपनाए जा रहे नए तरीके रिपोर्ट में बताया गया कि ये आतंकी संगठन धन जुटाने के लिए क्षेत्रीय संसाधनों का दोहन, समुदायों पर टैक्स, फिरौती के लिए अपहरण और व्यापारिक नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही अब वे महिला दूतों और हवाला जैसी प्रणालियों के जरिए फंड ट्रांसफर कर रहे हैं ताकि पहचान से बचा जा सके।

# बल्लेबाजों के बाद गेंदबाज हुए फ्लॉप, जैक क्रॉली और बेन डकेट ने भारतीय बॉलर्स की बजाई बैंड

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच द ओवल में पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं द ओवल टेस्ट के दूसरे दिन की शुरुआत में ही भारतीय टीम 224 रन पर ढेर हो गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने भारतीय गेंदबाजों की बैंड बजा दी है।

जैक क्रॉली और बेन डकेट ने आते ही भारतीय गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया और 7 ओवर में ही टीम का स्कोर फिफ्टी के पार पहुंचा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम के माथे पर एक कलंक भी लगाया है।

टेस्ट मैचों में भारत के खिलाफ किसी सलामी जोड़ी ने सबसे ज्यादा 50+ साझेदारी का रिकॉ्ड अब सयुंकत रूप से जैक क्रॉल और बेन डकेट के नाम हो गया है। दोनों टेस्ट में अब तक 8 बार ये कारनामा कर चुके हैं।

इससे पहले वेस्टइंडीज की ओपनिंग जोड़ी गॉर्डन ग्रीनिज और डेसमंड हेन्स ने भीये कारनामा किया था। इस लिस्ट में इंग्लैंड के एलेस्टेयर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस की ओपनिंग जोड़ी भी है। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और जस्टिन लैंगर, बिल लॉरी और बॉब सिम्पसन भी पहले विकेट के लिए 7-7 बार अर्धशतकीय साझेदारी कर चुके हैं।



# मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में विराट-धोनी और रोहित शर्मा के साथ दिखेंगे लियोनेल मेसी



**मुंबई (एजेंसी)।** फुटबॉल की दुनिया का बादशाह और अर्जेंटीना के वर्ल्ड चैंपियन कप्तान लियोनेल मेसी 14 साल लंबे अंतराल के बाद भारत दौरे पर आ रहे हैं। 13 से 15 दिसंबर के बीच अपने तीन दिन के भारत दौरे पर मेसी कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मेसी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर सम्मानित किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेसी भारत के स्टार क्रिकेट खिलाड़ियो के साथ वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट खेलते नजर आएंगे।

14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले क्रिकेट मैच में मेसी के साथ सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा और एमएस धोनी जैसे भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। सात-साथ खिलाड़ियों वाली टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दर्शकों मेसी की ड्रिब्लिंग की जगह क्रिकेट का क्लास देखने का मौका मिलेगा। ये भारतीय क्रिकेट और फुटबॉल फैंस के लिए एक अनोखा नजारा होगा।

एमसीए के एक अधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, मेसी 14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। संभावना है कि व पूर्व और मौजूदा क्रिकेटरों के साथ एक क्रिकेट मैच भी खेलेंगे। आयोजक जल्द ही सभी औपचारिकताओं के फाइनल होने के बाद पूरा शेड्यूल जारी करेंगे। मेसी इससे पहले साल 2011 में भारत आए थे। उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था। 14 सालबाद मेसी भारत आ रहे हैं तो उनके फैंस बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे हैं।

# शार्दुल ठाकुर को मिली बड़ी जिम्मेदारी, दलीप ट्रॉफी में इस टीम की करेंगे कप्तानी



**मुम्बई (एजेंसी)।** पश्चिम क्षेत्र चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी दलीप ट्रॉफी मैचों के लिए शार्दुल ठाकुर को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बीकेसी स्थित एमसीए की शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी में आज हुई चयन बैठक के बाद शार्दुल ठाकुर को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई।

टीम में मुंबई के 7 खिलाड़ी, गुजरात के 4, महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के 2-2 खिलाड़ी को जगह दी गई हैं। टीम में ठाकुर के अलावा मुंबई के बड़े नामों में यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और सरफराज खान शामिल हैं। महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ भी टीम का हिस्सा हैं। अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को टीम में जगह नहीं मिली है।

मुंबई क्रिकेट संघ के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने सात अतिरिक्त खिलाड़ियों की एक विस्तृत सूची भी जारी की है जिसमें महेश पिठिया, शिवालिक शर्मा, मुकेश चौधरी, सिद्धार्थ देसाई, चिंतन गजा, मुशीर खान और उर्विल पटेल शामिल हैं। टूर्नामेंट 28 अगस्त को दो क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू होगा। सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाली पश्चिम क्षेत्र की टीम चार सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फाइनल 11 सितंबर से खेला जाएगा। सभी मैच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर होंगे।

### पश्चिम क्षेत्र की टीम इस प्रकार है

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्य देसाई, हरविक देसाई, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवले, शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और अरजान नागवासवाला।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 14 रनों से हराया

**लॉडरहिल, (एजेंसी)।** बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज ने एक ओवर में तीन विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने शानदार वापसी करके वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सैम अयूब के 38 गेंदों पर 57 रन की बदौलत छह विकेट पर 178 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में अच्छी शुरुआत से बावजूद सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा और तीसरा टी-20 मैच शनिवार और रविवार को लॉडरहिल में ही खेले जाएंगे।



सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (35) और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्य कर रहे 18 वर्षीय ज्वेल एंड्रयू (35) ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करते वेस्टइंडीज को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन अपने पहले तीन ओवरों में 20 रन देने वाले नवाज ने नाटकीय ढंग से मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने 12वें ओवर की शुरुआत में एंड्रयू को आउट किया और फिर चौथी तथा पांचवीं गेंद पर चार्ल्स और गुडाकेश मोती (00) के विकेट चटकाए, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया।

कप्तान शाई होप (02) ने अगले ओवर में अयूब की फुल गेंद पर कैच थमा दिया। इस तरह से वेस्टइंडीज ने पांच रन पर चार विकेट गंवा दिए। नवाज ने 23 रन देकर तीन जबकि अयूब ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। जेसन होल्डर (12 गेंदों पर नाबाद 30 रन) ने चार छक्के लगाए और शमर जोसेफ ने 12 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाए लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। पाकिस्तान की ओर से नवाज के अलावा अयूब ने दो विकेट लिए। वहीं, शाहीन अफरीदी और सूफियान मुकीम को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले पाकिस्तान के लिए अयूब के अलावा शाहिबजादा फरहान ने 14 रन, फखर जमां ने 28 रन और हसन नवाज ने 24 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा मोहम्मद नवाज ने नौ रन, कप्तान सलमान आगा ने 11 रन और फहीम अशरफ ने 16 रन बनाए। मोहम्मद हारिस छह रन और कप्तान आगा नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने तीन विकेट लिए, जबकि होल्डर, अकील हुसैन और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक विकेट मिला।

# कैंसर से पीड़ित थे डब्ल्यूडब्लयूई रेसलर हल्क

सेन डियागो (एजेंसी)। डब्ल्यूडब्लयूई रेसलर हल्क होगन की मौत दिल के दौरे से नहीं बल्कि कैंसर से हुई थी। वहीं पहले कहा गया था कि इस पहलवान की मौत दिल के दौरे से हुई है पर अब जांच रिपोर्ट से साफ हो गया है कि हल्क लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। इस रिपोर्ट के अनुसार 71 साल के हल्क को दिल की धड़कन में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा था पर इसके साथ ही वह सीएलएल कैंसर से भी पीड़ित थे। यह एक प्रकार का कैंसर है जो सफेद रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। होगन ने अपनी बीमारी की बात को इसलिए छुपाया था जिससे कि वह तरह फिट दिखें। एक रिपोर्ट के अनुसार इसी साल मई में हुई गर्दन की सर्जरी के बाद उनकी हालत और भी ज़्यादा खराब हो गई थी। इसके बाद उन्हें दिल की समस्या हुई और उनकी मौत हो गयी। होगन की कैंसर की बीमारी का पता चलने पर उनके प्रशंसक हैरान हैं। डब्यलूडब्यलूई ने अपने तीनों शोज में उन्हें श्रद्धांजलि दी। होगन के सम्मान में 10 बेल सेल्यूट का आयोजन किया गया और इस दौरान कई सुपरस्टार्स बेहद दुखी थे। गौरतलब है कि डब्ल्यूडब्लयूई और पेशेवर कुश्ती को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में हल्क की अहम भूमिका रही है।



# इंग्लैंड को लगा झटका, क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर

**लंदन (एजेंसी)।** अनुभवी इंग्लिश ऑलराउंडर क्रिस वोक्स केनिंग्टन ओवल में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इस अनुभवी क्रिकेटर को पहले दिन कंधे में गंभीर चोट लग गई थी, जिसके कारण वह बाकी टेस्ट मैच से बाहर हो गए। वोक्स ओवल टेस्ट के पहले दिन तीसरे सत्र के दौरान चोटिल हुए। गेंद को बाउंड्री लाइन से बाहर जाने से रोकने की कोशिश करते हुए, क्रिस वोक्स अपनी बाईं कोहनी पर गिरकर घायल हो गए। गेंद इतनी जोरदार लगी कि उनके बाएं कंधे में गंभीर चोट लग गई, जिसके बाद इंग्लिश टीम के फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, वोक्स पांचवें टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं ले पाएंगे और श्रृंखला के अंत में उनकी चोट का आकलन किया जाएगा। वोक्स का भारत के खिलाफ गेंदबाजी में प्रदर्शन बेहद खराब रहा, उन्होंने 9 पारियों में 98 के औसत स्ट्राइक रेट से 11 विकेट लिए। बल्ले से भी उनका प्रदर्शन उतना ही निराशाजनक रहा, उन्होंने 6 पारियों में 10.67 की बेहद खराब औसत से 64 रन बनाए।



ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच की बात करें तो वोक्स ने 14 ओवरों में मामूली सफलता हासिल की और भारत के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज केएल राहुल का बेशकीमती विकेट लिया जबकि उन्होंने 3.29 की इकॉनमी से 46 रन दिए। वोक्स पिछले कुछ वर्षों से इंग्लिश टेस्ट टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। 61 टेस्ट मैचों में इस अनुभवी क्रिकेटर ने 191 विकेट लिए हैं और बल्ले से 2034 रन भी बनाए हैं। हालांकि 36 साल की उम्र को देखते हुए कंधे की यह गंभीर चोट उनके प्रभावशाली टेस्ट करियर पर विराम लगा सकती है।

# नये लुक में नजर आये धोनी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अपनी हेयर स्टाइल के कारण हमेशा ही सबके आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। वह अपनी हेयर स्टाइल में लगातार बदलाव करते रहते हैं। शुरुआत में वह लंबे बालों के लिए जाने जाते थे। वहीं इसके बाद उन्होंने बालों को छोटा कर दिया। वहीं अब वह एक नये हेयरकट के साथ ही नये लुक में नजर आ रहे हैं। इसमें 44 साल की उम्र के बाद भी वह युवा और स्टाइलिश दिख रहे हैं। नई तस्वीरों में स्पाइक हेयर में धोनी ने लाइट बीयर्ड लुक ट्राई किया है। इस दौरान वह काले रंग की टी शर्ट और आंखों में चश्मा लगाए थे। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। कई लोगों ने इससे लाइक किया है। धोनी की पत्नी साक्षी धोनी ने भी इस पर कमेंट करते हुए लिखा कि आप बहुत यंग लग रहे हैं। तो एक अन्य यूजर ने लिखा कि धोनी सुपरस्टार हैं। धोनी अपनी हेयर स्टाइल से कभी भी समझौता नहीं करते, चाहे आईपीएल का कोई नया सत्र हो या कोई और इवेंट हो, धोनी हर बार एक नई हेयर स्टाइल में नजर आते हैं। अपने करियर की शुरुआती दौर में उन्होंने लंबे बाल रखे थे। इसके बाद उन्होंने अपने बालों को गोल्डन कलर करवाया था। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद धोनी ने अपने बाल दान किए थे और वह गंजे हो गए थे। कभी धोनी छोटे तो कभी लंबे बालों में नजर आये। उनका हर एक लुक प्रशंसकों को खूब पसंद आता है। धोनी आईपीएल 2025 खेलने के बाद से आजकल अपने परिवसर के साथ समय बिता रहे हैं।

# हेनरी का कहर, न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट में 9 विकेट से हराया

**बुलावायो (एजेंसी)।** मैट हेनरी (कुल नौ विकेट) और मिचेल सैंटनर (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में कल के दो विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज मैच के तीसरे दिन सुबह के सत्र में विलियम ओरूक ने निक वेल्च (चार) और विनसेंट मसेकेसा (दो) को आउटकर जिम्बाब्वे पर दबाव बनाने का प्रयास किया। लेकिन इसके शॉन विलियम्स और कप्तान क्रेग इरविन ने संभलकर खेलते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई।



मिचेल सैंटनर ने शॉन विलियम्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। शॉन विलियम्स ने 66 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद मैट हेनरी ने क्रेग इरविन (53 गेंदों में 22 रन) और सिकंदर रजा (पांच) को अपना शिकार बना लिया। न्यूमैन न्यामहुरी (एक), ब्लेसिंग मुजारबानी (19) और टी तिसगा (27) को आउटकर जिम्बाब्वे को 67.1 ओवर में 165 के स्कोर पर समेट दिया।

न्यूजीलैंड को जीत के लिए आठ रनों का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिए। विलियम ओरूर्क और मैट हेनरी को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने महज एक ओवर में एक विकेट पर आठ रन बनाकर मुकाबला 9 विकेट से अपना नाम कर लिया। मैट हेनरी को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। इससे पहले जिम्बाब्वे पहली पारी में 149 रन के स्कोर पर ढेर हो गई थी। मैट हेनरी ने छह और नेथन स्मिथ ने तीन विकेट लिये थे। वहीं न्यूजीलैंड ने पहली पारी में डेवोन कॉन्वे (88) और डैरिल मिचेल (80) की शानदार पारियों की मदद से 307 रनों का स्कोर खड़ा कर 158 रनों की बढ़त ले ली थी।

# खालिद जमील बने भारतीय फुटबॉल टीम के नए कोच, एआईएफएफ ने की घोषणा



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम का इंतजार खत्म हुआ.. और भारतीय फुटबॉल फेडरेशन ने टीम के नए कोच का ऐलान कर दिया है। दरअसल, कुवैत में जन्में खालिद जमील को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच बनाया गया है। शुक्रवार को एआईएफएफ ने इसका ऐलान खुद किया। खालिद ने 2017 में आइजॉल फुटबॉल क्लब को आई-लीग खिताब दिलाया था। बता दें कि, 13 वर्षों में पहली बार किसी भारतीय को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है। पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यों की सूची में से चुना है। अन्य दो दावेदार भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक थे। स्टीफन पहले स्लोवाकिया की राष्ट्रीय टीम के कोच थे। महान स्ट्राइकर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। जमीन स्पेन के मनोलो मार्केज का स्थान लेंगे, जिन्होंने भारत के हालिया संघर्षों के बाद पिछले महीने एआईएफएफ से नाता तोड़ लिया था। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में सेवा देने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जिन्होंने 2011 से 2012 तक ये पद संभाला था। वहीं खालिद जमील के लिए अपनी नई भूमिका में पहली चुनौती मध्य एशियाई फुटबॉल संघ नेशंस कप है। ये टूर्नामेंट 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय टेबल टेनिस टीमों ने 2026 लंदन डब्ल्यूटीटीसी के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली/इंदौर (एजेंसी)।** भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने लंदन में होने वाली प्रतिष्ठित 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। उन्होंने काठमांडू में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

एशियाई क्षेत्र से प्रत्येक वर्ग में केवल 16 कोटा स्थान उपलब्ध थे, जिसमें चार क्षेत्रीय चैंपियन (मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया) सीधे डब्ल्यूटीटीसी के लिए क्वालीफाई करते हैं। भारतीय टीमों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता साबित की।

पुरुष टीम, जिसमें आकाश पाल, रोनित भंजा, अनिर्बान घोष, पी.बी. अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव शामिल थे, पांच देशों के राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में अपराजित रही। उन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को एक समान 3-0 के स्कोर से हराया, जो उनकी बेहतरीन फॉर्म और रणनीति को दर्शाता है।

इसी तरह, क्रितविका सिन्हा, सेलेनेदीप्ति सेल्वाकुमार, तनीशा कोटेचा, सायली वानी और सिंडरेला दास की महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हीं चार प्रतिद्वंद्वी टीमों को 3-0 से मात दी। उन्होंने क्वालिफिकेशन के दौरान एक भी मैच नहीं गंवाया।

टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों को रोटेट करते हुए उभरती हुई प्रतिभाओं को महत्वपूर्ण अंतराष्ट्रीय अनुभव भी दिया, जिससे टीम की बेंच स्ट्रेंथ और डब्ल्यूटीटीसी के लिए उनकी तैयारी का पता चलता है। लंदन 2026 में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए भारत का समय से पहले क्वालिफाई करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह न केवल क्षेत्रीय वर्चस्व को दिखाता है, बल्कि इस बड़े इवेंट के लिए तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर भी प्रदान करता है, जहाँ वैश्विक रैंकिंग, ओलंपिक के निहितार्थ और राष्ट्रीय गौरव दांव पर होंगे।

# करुण सबसे लंबे समय के बाद अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने

सिडनी । ओवल (ईएमएस)। आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले बल्लेबाज करुण नायर का बल्ला आंखिर चल ही गया। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती मैचों में विफल रहे करुण ने मेजबान टीम के खिलाफ यहां जारी अंतिम अंतिम क्रिकेट टेस्ट में दबाव के बीच ही नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को संभाला। जब टीम के अन्य बल्लेबाज विफल हो रहे थे तो करुण ने एक छोर संभाले रखा और अपने पचास रन पूरे किये। करुण ने इस प्रकार 3149 दिनों के बाद 50 रन बनाये हैं। इससे पहले दिसंबर 2016 में उन्होंने अर्धशतक लगाया था। ये टेस्ट मैचों में दो अर्धशतकों के बीच दूसरा सबसे लंबा अंतराल है। वहीं भारतीय बल्लेबाजों द्वारा दो टेस्ट अर्धशतकों के बीच सबसे लंबे अंतराल का रिकॉर्ड पूर्व क्रिकेटकीपर पार्थिव पटेल के नाम है। पार्थिव ने चौथा अर्धशतक साल अक्टूबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 54 और पांचवां अर्धशतक नवंबर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 67 के बीच सबसे लंबा अंतराल, 4426 दिन का है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक वह करुण ने जहां 52 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम अपनी अपनी पारी में 6 विकेट पर 204 रन बनाने में सफल रही। करुण ने अपनी करियर की शुरुआत में भी इंग्लैंड के खिलाफ ही तिहरा शतक 303 रन बनाये थे। इसके बाद वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण टीम से बाहर हो गये थे। करुण इस सीरीज के शुरुआती तीन मैच में असफल रहे जबकि चौथे मैच में उन्हें शामिल नहीं किया गया था।



# बुमराह को चुनिंदा मैच खेलने का पूरा अधिकार : भारत के सहायक कोच

**लंदन (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में पांच में से तीन टेस्ट ही खेलने का निर्णय लिया और भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे के अनुसार टीम प्रबंधन को उनके कार्यभार को देखते हुए इस फैसले का सम्मान करना सही लगा। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला लेकिन एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉडर्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने खेला। निर्णायक पांचवें टेस्ट से पहले बुमराह पर फैसला लेने के लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ने ऐन मौके तक इंतजार किया।

पांचवें टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी को बाहर रखने का फैसला हमेशा कठिन होता है। उन्होंने कहा, 'बुमराह का मसला पेचीदा है। हम चाहते थे कि वह खेले लेकिन उसके कार्यभार को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा। उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की।' डोइशे ने आगे कहा, 'लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए।'

ओवल की हरी भरी पिच पर बुमराह काफी उपयोगी साबित होते। क्या वह चोटों से भरे अतीत के कारण अपनी मर्जी से मैच चुन रहे हैं। यह पूछने पर डोइशे ने कहा, 'यह कहना सही नहीं होगा। उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। हमने स्थिति को संभालने की कोशिश की है, यह आदर्श नहीं है, मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना जरूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों।'

उन्होंने कहा, 'उन्हें बताना जरूरी है कि हम सभी फैसले सद्भावना से टीम के सर्वोत्तम हित में ले रहे हैं और इसी वजह से जो खिलाड़ी नहीं खेले हैं, वे शानदार रहे हैं, उन्होंने पूरी टीम को प्रशिक्षित किया है, लेकिन जब उन्हें टीम से बाहर रखा जाता है तो वे निराश होते हैं।'



# पहली तारीख....यूपीआई, गैस सिलेंडर, फास्टैग सहित इन सुविधाओं में हो गया बदलाव

नई दिल्ली।

1 अगस्त 2025 से आम लोगों की जेब से जुड़े कई बदलाव हो रहे हैं। इन बदलाव का असर अपनी जैब पर सीधा पड़ने वाला है। जहां भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई लेनदेन के प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए 1 अगस्त, 2025 से कुछ बदलाव लागू किए हैं। बैलेंस चेक लिमिट में प्रतिदिन 50 कर दी गई है। ऑटो-पे ट्रांजैक्शन केवल नॉन-पीक आवर (गैर-व्यस्त समय) के दौरान ही प्रोसेस किए जाएंगे। इतना ही नहीं बैंकों को हर लेनदेन के साथ बैलेंस अपडेट भेजना अनिवार्य होगा, ताकि उपयोगकर्ताओं को हर बार मैन्युअल रूप से जांच न करनी पड़े। वहीं 1 अगस्त से कॉमर्शियल एजपीजी सिलेंडर 35 रुपये तक सस्ता हुआ है। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां सिलेंडर और विमान के ईंधन (एविएशन फ्यूल) के दामों पर फैसला लेती हैं।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 1 जुलाई, 2025 से कॉल मनी, मार्केट रेपो और ट्राई-पार्टी रेपो बाजारों के कारोबारी घंटों में विस्तार की घोषणा की थी, जो दो चरणों में प्रभावी होगा। 1 अगस्त, 2025 से, मार्केट रेपो और ट्राई-पार्टी रेपो के लिए कारोबारी घंटे शाम 4ः00 बजे तक बढ़ा दिए गए हैं। नया समय सुबह 9ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक है।

इतना ही नहीं 10 जुलाई, 2025 को जारी एनपीसीआई सर्कुलर के अनुसार, 31 अगस्त से उपयोगकर्ताओं को एफडी, शेयर, बॉन्ड, सोना, संपत्ति, व्यक्तिगत/व्यावसायिक ऋण आदि द्वारा समर्थित पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइनों (ऋण/ओवरड्राफ्ट) को यूपीआई से जोड़ने की अनुमति होगी। इस सप्ताह एक बड़ी बैठक होने वाली है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक 4 से 6 अगस्त तक तय है। इस बैठक में रेपो दर में बदलाव सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जा सकती हैं। यदि रेपो दर में कमी आती है, तब होम या कार लोन की ईएमआई सस्ती हो सकती है। इसके अलावा अगस्त में एसबीआई कई को-ब्रांडेड कार्डों पर उपलब्ध मुफ्त हवाई दुर्घटना बीमा कवर को बंद कर देगा। केंद्रीय सड़क एंव परिवहन मंत्रालय के द्वारा आज से निजी वाहन मालिकों के लिए एक नया फास्टैग सालाना पास पेश किया जा रहा है। यह वैकल्पिक सुविधा है, जिसके तहत 3,000 देकर या 200 टोल लेनदेन तक या एक साल तक इस पास का उपयोग किया जा सकेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त 2025 को पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त जारी होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 2,000 ट्रांसफर करने वाले है। ये मोदी सरकार की जनप्रिय योजना हैं इसके तहत देशभर के किसानों को 2000 हजार रुपये की किस्त जारी की जाती है।

## सोने और चांदी की कीमतों में नरमी

नई दिल्ली ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का प्रभाव भारतीय बाजार पर भी पड़ा है और कीमतें घटीं हैं। इससे घरेलू बाजार में सोने की कीमतें आज 98,600 रुपये, जबकि चांदी 1,09,850 रुपये के करीब हैं। आज

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज सुबह गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का अक्टूबर अनुबंध आज 67 रुपये नीचे आकर 98,702 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 98,769 रुपये था। ।

वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध आज 118 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,09,854 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,09,973 रुपये था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन चांदी के भाव तेजी के साथ खुलने के बाद गिर गए। कामेक्स पर सोना 3,342.70 डॉलर प्रति



औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव प्राइस 3,348.60 डॉलर प्रति औंस था। वहीं कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.78 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला क्लोजिंग प्राइस 36.71 डॉलर था।

## ट्रस्टियों ने दिखाया भरोसा एन चंद्रशेखरन को फिर सौंप दी कमान....आईपीओ की उम्मीद टूटी



मुंबई।

टाटा संस की कमान फिर से एन चंद्रशेखरन को सौंप दी गई है। उन्हें 5 साल के लिए टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त कर दिया गया है। टाटा ट्रस्ट्स में सभी की सहमति के बाद यह फैसला किया गया है। यह फैसला दिखाता है कि टाटा समूह अपने लीडरशीप में स्थिरता को देख रहा है। वहीं, सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के सभी ट्रस्टियों ने टाटा संस को निजी संस्था बनाए रखने पर सहमति जाहिर की है। इसके अलावा शापूरजी पालोनजी ग्रुप के संभावित एक्जिट को लेकर भी चर्चा शुरू कर दी गई है।

टाटा ट्रस्ट का यह नया फैसला मौजूदा शेयरहोल्डर्स के परिवर्तन के बीच स्थिरता के रास्तों को तलाशता हुआ दिखाता है। बता दें, टाटा संस को निजी बनाए रखने के फैसले ने आईपीओ की उम्मीद लगाकर कर बैठे निवेशकों के लिए बड़ा झटका है। चंद्रशेखरन ने टाटा संस को अक्टूबर 2016 में ज्वाइन किया था। उन्हें जनवरी 2017 में टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उनकी अगुवाई में टाटा ग्रुप का रेवन्यू करीब दोगुना हो गया। वहीं, नेट प्रॉफिट तीन गुना बढ़ गया है।

टाटा संस में टाटा ट्रस्ट्स की कुल 66 प्रतिशत की है। रिपोर्ट के अनुसार चंद्रशेखरन ने साबित है कि उनके पास पर शानदार रिजल्ट देने की क्षमता है। उनकी लीडरशिप स्थिरता और ग्रोथ दिखाता है। सभी ट्रस्टियों का चंद्रशेखरन पर भरोसा कायम है। उनकी क्षमता से नए बिजनेस में निवेश के जरिए ग्रोथ और तेजी हासिल की जा सकेगी। वहीं, उनकी अगुवाई में टाटा संस एक टाटा ट्रस्ट्स की इच्छा के मुताबिक एक प्राइवेट संस्था बनी रहेगी। हालांकि, चंद्रशेखरन के लिए चुनौतियां कम नहीं होंगी। उन्हें एसपी ग्रुप के निकासी के रास्ते तलाशन होगा। शापूरजी पालोनजी ग्रुप की टाटा में हिस्सेदारी 18.37 प्रतिशत है।

## ट्रंप के टैरिफ लगाने से टेंशन में तेल रिफाइनरी कंपनियां, रुस से तेल खरीदना किया बंद

### -भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने बीते हफ्ते से कच्चा तेल नहीं किया इंपोर्ट



नई दिल्ली।

टैरिफ को लेकर अमेरिका के दबाव के बीच भारत की कई सरकारी तेल रिफाइनरी कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद पर अस्थाई रोक लगा दी है। इनमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन्होंने रूस से कच्चे तेल खरीदना फिलहाल रोक दिया है। इसके बजाए इन कंपनियों ने तेल खरीद के लिए मिडिल ईस्ट और अफ्रीका का रुख किया है।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत की इन सरकारी कंपनियों ने बीते हफ्ते से कच्चा तेल इंपोर्ट नहीं किया है। अभी तक इन कंपनियों और सरकार की ओर से इस पर कोई जवाब नहीं आया है। हालांकि, रिलायंस और नायरा जैसी भारत की निजी तेल रिफाइनरी कंपनियां सालाना सौदे के तहत अभी भी रूस का तेल आयात कर रही हैं। 2022 के बाद से रूस से भारत जिन सस्ती दरों पर तेल खरीद रहा था। उसमें गिरावट आई है।

बता दें ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रंप ने 90 से ज्यादा देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान किया है। भारत पर एक अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। रूस से तेल खरीद को लेकर ट्रंप भारत पर अतिरिक्त पेनाल्टी भी लगा सकते हैं। बता दें भारत तेल आयात के मामले में दुनिया का तीसरा बड़ा देश है। वह चीन के बाद रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीद रहा है।

# ट्रंप के टैरिफ अटैक से दुनियाभर के अमीरों की सूची में आई उथल-पुथल

## मस्क का अरबपति नंबर वन का ताज खतरे में

### अंबानी और अडानी को भी हुआ बहुत नुकसान

मुंबई (ईएमएस)। दुनिया के अरबपतियों की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ के बाद काफी उथल-पुथल मच गई है। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की संपत्ति गुरुवार को 7.7 अरब डॉलर और कम हो गई। इसके बाद मस्क का अरबपति नंबर वन का ताज खतरे में पड़ गया है। लैरी एलिसन तेजी से मस्क के करीब पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की टॉप-20 सूची से बाहर हो गए हैं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए हैं।

मार्क जुकरबर्ग एक ही दिन में 26.8 अरब डॉलर अपने नेटवर्थ में जोड़ लिए। अब इस साल उनकी कमाई 64 अरब डॉलर हो गई है। गुरुवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई और मुकेश अंबानी की संपत्ति 1.22 अरब डॉलर घटकर 99.9 अरब डॉलर रह गई। वहीं, टेस्ला के शेयर गिरने से मस्क 7.70 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। हालांकि, इस साल के टॉप-लूजर भी मस्क हैं। उनकी संपत्ति में 76.5 अरब डॉलर की सेंध लग चुकी है।

इस साल के टॉप गेनर्स में लैरी एलिसन हैं, जिनकी संपत्ति एक ही साल में 112 अरब डॉलर बढ़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के टॉप-10 अमीरों में 8 तकनीकी क्षेत्र से हैं। पहले पर एलन मस्क, जो टेस्ला, स्पेसएक्स, एक्स से हैं। दूसरे पर लैरी एलिसन ओरेकल से हैं। तीसरे पर मार्क जुकरबर्ग (मेटा), चौथे पर जेफ बेजोस (अमेजन), 5वें पर स्टीव बाल्मर (माइक्रोसॉफ्ट), छठे पर लैरी पेज (गूगल-अल्फाबेट), 7वें पर सर्गी ब्रिन (गूगल-अल्फाबेट) और 8वें पायदान पर भी टेक्नोलाजी से जुड़े एनवीडिया के जेनसन हुआंग हैं।




इनके बाद कंज्यूमर सेक्टर से बर्नार्ड अर्नाल्ट और 10वें पर मशहूर निवेशक वॉरेन बफेट हैं। अब लगता है अरबपतियों के टॉप-10 पोजीशन में सभी पर टेक दिग्गजों का कब्जा हो जाएगा।



## मस्क ने की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ चिप सप्लाई की डील

### -टेस्ला एआई4, एआई5 और अब एआई6 चिप्स पर कर रही काम

**सियोल ।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ हाल ही में हुई बड़ी चिप सप्लाई डील का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि सैमसंग के चेयरमैन और उनकी टीम के साथ इस डील के सभी अहम पहलुओं पर चर्चा की गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह डील 22.8 ट्रिलियन वॉन यानी करीब 16.5 अरब अमेरिकी डॉलर की हुई है, जिसे सैमसंग ने एक अज्ञात ग्राहक के साथ साइन किया था। अब मस्क ने साफ कर दिया है कि इस डील के पीछे टेस्ला की साझीदार थी। मस्क ने यह जानकारी एक्स पर एक यूजर के सवाल का जवाब देते हुए दी। जब एक यूजर ने कहा कि सैमसंग को शायद समझ नहीं आया कि उन्होंने किस चीज पर साइन किया है तब मस्क ने जवाब दिया, उन्हें पता है। मस्क ने कहा कि मैंने सैमसंग के चेयरमैन और सीनियर लीडरशिप के साथ वीडियो कॉल की थी, जिसमें यह समझाया कि एक सच्ची साझेदारी कैसी होनी चाहिए। हम दोनों कंपनियों की ताकतों का इस्तेमाल कर बेहतरीन परिणाम हासिल करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक एक अन्य यूजर ने कहा कि चिप निर्माण के मामले में सैमसंग टीएसएमसी से पीछे है, तो मस्क ने सैमसंग का बचाव करते हुए कहा कि टीएसएमसी और सैमसंग दोनों ही बेहतरीन कंपनियां हैं। इनके साथ काम करना हमारे लिए गर्व की बात है। इस डील के तहत सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अमेरिका के टेक्सास में अपने नए सेमीकंडक्टर प्लांट में टेस्ला की अगली पीढ़ी की एआई6 चिप का निर्माण करेगा। मस्क ने कहा कि इस डील का रणनीतिक महत्व बहुत ज्यादा है, इसे कम करके नहीं आंका जा सकता। वहीं, सैमसंग के चेयरमैन ली जाए-योंग अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी पहुंच गए हैं। माना जा रहा है कि वे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच चल रही व्यापारिक बातचीत और टैरिफ से जुड़े मामलों को लेकर चर्चा करेंगे। हालांकि उन्होंने अपनी यात्रा का उद्देश्य सार्वजनिक नहीं किया है। सैमसंग की यह डील कंपनी की कुल वार्षिक आय 300.9 ट्रिलियन वॉन का करीब 7.6 फीसदी है। यह सैमसंग द्वारा अब तक हासिल किया गया सबसे बड़ा चिप ऑर्डर है। टेस्ला इन चिप्स का इस्तेमाल अपनी फुल सेल्फ ड्राइविंग तकनीक को और बेहतर बनाने के लिए कर रही है। इसके लिए कंपनी एआई4, एआई5 और अब एआई6 चिप्स पर काम कर रही है।

## फोनपे ने ऑफलाइन पार्टनर प्रोग्राम किया लांच




**मुंबई ।** फोनपे ने अपने ऑफलाइन पार्टनर प्रोग्राम की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक नई पहल है, इसका उद्देश्य भारत के मर्चेंट इकोसिस्टम को सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से मजबूत करना है। यह प्रोग्राम पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) बिलिंग सॉफ्टवेयर, एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर, वेंडिंग मशीन और सेल्फ-सर्विंग कियोस्क प्रदान करने वाले सर्विस प्रोवाइडर्स को फोनपे के इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन को उनके ग्राहकों को रेफर करने और कस्टमाइज्ड कमीशन अर्जित करने में सक्षम बनाता है। इस प्रोग्राम में शामिल होने वाले सर्विस प्रोवाइडर्स (पार्टनर) अपने ग्राहक को बिलिंग और इंटीग्रेटेड पेमेंट का पूरा समाधान दे सकते हैं। यह पहल व्यापारियों को पेमेंट मैनेजमेंट को सरल बनाने में मदद करेगी, जिससे स्टोर का संचालन आसान हो जाएगा। मर्चेंट अपने बिलिंग सॉफ्टवेयर के साथ फोनपे के इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन का इस्तेमाल कुछ ही घंटों में शुरू कर सकते हैं। इस सूट में इंटीग्रेटेड पीओएस डिवाइस, डायनेमिक क्यूआर (जो प्रति ट्रांजेक्शन के लिए विशिष्ट कोड जेनरेट करते हैं), एसएमएस-बेस्ड कलेक्शन के लिए पेमेंट लिंक आदि शामिल हैं। ये सॉल्यूशन मर्चेंट्स को बिलिंग सॉफ्टवेयर के साथ इंटीग्रेट होने पर त्रुटि-रहित और धोखाधड़ी-मुक्त लेनदेन, सुचारू भुगतान संग्रह, सत्यापन और समाधान सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। फार्मेसी, सुपरमार्केट, रेस्टोरेंट, परिधान और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कई व्यापारियों के लिए यह संयोजन लाभदायक हो सकता है। इस कार्यक्रम में शामिल होने से भागीदारों को कस्टमाइज्ड कमीशन अर्जित करने का अवसर मिलेगा।

# मस्क की स्टारलिंक को इंटरनेट सेवा शुरू करने की मिली मंजूरी

नई दिल्ली।

एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही स्पेक्ट्रम अलॉटमेंट और गेटवे सेटअप का ढांचा भी तैयार कर लिया गया है ताकि सेवाओं की लॉन्चिंग में कोई दिक्कत न आए। यह जानकारी केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी। यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब देश में पहली बार मोबाइल कॉल किए जाने के 30 साल पूरे हो रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सिंधिया ने कहा कि स्टारलिंक को यूनिफाइड लाइसेंस मिल गया है। स्पेक्ट्रम अलॉटमेंट और गेटवे की रूपरेखा तैयार है, जिससे सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं का रोलआउट आसानी से हो सके। स्टारलिंक के साथ ही भारती ग्रुप समर्थित यूटेलसैट वनवेब और जियो एसईएस भी अपने सैटकॉम सर्विसेज शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम अलॉटमेंट का इंतजार कर रही है। सिंधिया ने कहा कि पिछले 11 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की डिजिटल यात्रा ऐतिहासिक रही है। टेलीफोन कनेक्शन अब 1.2 अरब हो गए हैं, जबकि इंटरनेट सब्सक्रिप्शन करीब 286 फीसदी से बढ़कर 97 करोड़ हो गया है।

ब्रॉडबैंड कनेक्शन 2014 के 6 करोड़ से बढ़कर 94.4 करोड़ हो गए यानी 1,450 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। मोबाइल डेटा की कीमतें 96.6 फीसदी घटीं और अब सिर्फ 8.9 प्रति जीबी में डेटा उपलब्ध है, जिससे भारत दुनिया में सबसे सस्ता डेटा




देने वाला देश बन गया है। सिंधिया ने बताया कि बीएसएनएल का रिवाइवल भी बड़ी उपलब्धि है। 18 साल में पहली बार बीएसएनएल ने लगातार दो साल मुनाफा कमाया– वित्त वर्ष 2024-25 में 262 करोड़ और 280 करोड़। 83 हजार से ज्यादा 4जी साइट्स लगाई गईं, जिनमें से 74,000 चालू हैं।

एआई-आधारित मॉनिटरिंग और फाइबर फॉल्ट 12 घंटे में ठीक करने जैसी सुविधाओं ने सेवा को और बेहतर बनाया है। भारत का 5जी रोलआउट भी रिकॉर्ड तोड़ रहा है। 99.6 फीसदी जिलों में 5जी पहुंच गया है, 4.74 लाख 5जी टावर और 30 करोड़ यूजर्स हैं। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति 5जी डेटा यूज करने वाला देश बन गया है, भारत 6जी पेटेंट फाइलिंग में भी दुनिया के टॉप 6 देशों में शामिल है।

## ग्लोबल स्पोर्ट्स रिटेलर डेकाथलॉन भारत में 3 लाख नौकरियां करेगा पैदा

### कंपनी 2030 तक भारत में स्थानीय सोर्सिंग को 3 बिलियन डॉलर तक बढ़ाएगा

**नई दिल्ली।** ग्लोबल स्पोर्ट्स रिटेलर डेकाथलॉन ने भारत में उत्पादन शुरू करने की 25वीं सालगिरह पर एक अहम फैसला लिया है। कंपनी ने कहा है कि डेकाथलॉन का यह फैसला भारतीय निर्माण पर बढ़ते ध्यान को दर्शाता है। वर्तमान में भारत डेकाथलॉन के वैश्विक उत्पादों का 8 फीसदी आपूर्ति करता है। डेकाथलॉन ने ऐलान किया है कि वह 'मेक इन इंडिया' नीति के तहत 2030 तक भारत में अपनी स्थानीय सोर्सिंग को 3 बिलियन डॉलर तक बढ़ाएगा। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि कंपनी का लक्ष्य 2030 तक अपने उत्पादन तंत्र में 3 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करना है। कंपनी का उद्देश्य इसे 15 फीसदी तक बढ़ाना है, जिसमें फुटवियर, फिटनेस उपकरण और एडवांस स्पोर्ट्स वस्त्र जैसी उच्च संभावनाओं वाली श्रेणियों पर जोर दिया जाएगा। डेकाथलॉन अपने 132 भारतीय स्टोर्स के 70 फीसदी से ज्यादा सामान घरेलू स्तर पर स्रोत करता है और 2030 तक इसे 90 फीसदी तक बढ़ाने की उम्मीद करता है। इस उत्पादन नेटवर्क में 113 सुविधाएं, 83 आपूर्तिकर्ता, सात उत्पादन कार्यालय और एक डिजाइन केंद्र शामिल हैं। डेकाथलॉन इंडिया के सीईओ ने कहा कि हमारी गुणवत्ता और निर्माण की गति ने हमें खुदरा बिक्री बढ़ाने और व्यापक 'मेड इन इंडिया' रेंज पेश करने में मदद की है।

# अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़कर 970 करोड़ रुपये हुआ

मुंबई ।

सीमेंट्स ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में शानदार नतीजे दर्ज किए हैं, जिसमें कंपनी का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़कर 970 करोड़ रुपये हो गया है। यह वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 783 करोड़ रुपये था। कंपनी की आय सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 10,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। इस तिमाही में अंबुजा सीमेंट्स की बिक्री 18.4 मिलियन टन (एमटी) रही है, जो अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। तिमाही ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई) सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 1,961 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की मौजूदा क्षमता 104.5 मिलियन टन प्रति वर्ष है, जिसे मार्च 2026 तक बढ़ाकर 118 मिलियन टन प्रति वर्ष करने का लक्ष्य है। कंपनी वित्त वर्ष 2028 तक 140 मिलियन टन प्रति वर्ष के इकोसिस्टम की ओर बढ़ रही है। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ विनोद बहेटी ने नतीजों को एक वाइब्रेंट मूड, गति, पैमाने और स्थिरता की एक परिवर्तनकारी कहानी बताया।




उन्होंने बताया कि कंपनी प्रमुख बाजारों में मूल्य, व्यवसाय-अनुकूल, समाधान-केंद्रित प्रीमियम उत्पादों, पुनर्जीवित आपूर्ति श्रृंखला और बेहतर ब्रांड प्रभाव पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अंबुजा सीमेंट्स वैश्विक स्तर पर 9वीं सबसे बड़ी निर्माण सामग्री समाधान कंपनी है।

कंपनी ने दुनिया के सबसे ऊंचे सिंगल-आर्च चिनाब रेलवे पुल के लिए सीमेंट की आपूर्ति की थी, जो उनकी उत्पाद गुणवत्ता और ब्रांड विश्वास का प्रमाण है। क्रेडाई के साथ साझेदारी के माध्यम से, कंपनी आवास, निर्माण और बुनियादी ढाँचे में एकीकृत, स्मार्ट, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार समाधानों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लक्ष्यों को आगे बढ़ा रही है। अंबुजा सीमेंट्स को वित्त वर्ष 2026 में सीमेंट की मांग 7-8 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जिसका समर्थन मजबूत ग्रामीण और शहरी मांग, इंफ्रास्ट्रक्चर के खर्च में बढ़ोतरी और आवास एवं रियल एस्टेट


## इंपोर्टेड कारों और बाइक्स की कीमतों में भारी गिरावट उम्मीद

नई दिल्ली।

हाल ही में भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) हुआ है। यह एग्रीमेंट भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस समझौते के लागू होने से भारत में इंपोर्टेड लग्जरी कारों और बाइक्स की कीमतों में भारी गिरावट आएगी। अभी तक भारत में विदेश से लाई गई कारों पर करीब 100 प्रतिशत तक इंपोर्ट ड्यूटी लगती थी, जिससे उनकी कीमतें लगभग दोगुनी हो जाती थीं। लेकिन इस नए एफटीए के तहत कोटा सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसके अनुसार सीमित संख्या में वाहनों पर केवल 10 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इससे रॉल्स रायस कुलिनन जैसी कारें, जो अभी 12 करोड़ रुपये की आती हैं, केवल 6 करोड़ रुपये में उपलब्ध हो सकती हैं। इसी तरह बेंटले बेंटायेगा की कीमत 6 करोड़ से घटकर 3 करोड़ रुपये तक आ सकती है। इस समझौते से सबसे अधिक फायदा उन ब्रांड्स को होगा जो यूके में बनती हैं और भारत में पहले से मौजूद हैं जैसे जगुआर, लेंड रोवर, मेकलारेन और बेंटले। मेकलारेन की सुपरकार 750एस, जिसकी मौजूदा कीमत 5.91 करोड़ रुपये है, वह भी लगभग 3 करोड़ में मिल सकती है। हालांकि, इसमें जीएसटी, रजिस्ट्रेशन और बीमा जैसे खर्च शामिल नहीं होंगे। बाइक प्रेमियों के लिए भी यह सौदा फायदेमंद है।



# जैस्मिन संग शादी के सवाल पर अली गोनी का रिएक्शन



अली गोनी और जैस्मिन भसीन फैंस की चहेती जोड़ियों में शामिल हैं। कपल काफी वक्त से रिलेशनशिप में हैं। इनके फैंस चाहते हैं कि दोनों जल्द शादी कर लें। मगर, हाल ही में जब अली गोनी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी उनका कोई प्लान नहीं है। आगे कहा कि उन्होंने सबकुछ ऊपर वाले की मर्जी पर छोड़ रखा है।

## बिग बॉस 14 के बाद शुरू की डेटिंग

अली गोनी से हाल ही में एक इंटरव्यू में जैस्मिन के साथ शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो एक्टर ने कहा, अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। उन्होंने आगे कहा, भगवान की मर्जी, जब वो चाहेंगे तब होगा। बता दें कि अली और जैस्मिन ने बिग बॉस सीजन 14 में आने के बाद डेटिंग शुरू की। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीरें खूब वायरल होती हैं। बोले- जब भगवान चाहेंगे तब होगी शादी शादी की प्लानिंग के सवाल पर अली गोनी ने जूम से बात करते हुए मजाक में कहा, शादी का इंटरव्यू मैं आपको नए घर में दूंगा। एक्टर से जब शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। जब अली से पूछा गया कि क्या वह शादी में देरी कर रहे हैं या जैस्मीन? तो अली ने कहा, कोई भी नहीं, भगवान देरी कर रहा है। किसकी दुआएं हैं (हंसते हुए)। भगवान की मर्जी, जब वो चाहेंगे तब होगा।

## लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रहे अली

एक्टर ने आगे कहा हम बिल्कुल अल्लाह पे रखते हैं हर चीज। कोई प्लान नहीं है। कुछ नहीं सोचा है। मैं हर चीज में बोलता हूं इंशाअल्लाह। बता दें कि फिलहाल अली गोनी, कुकिंग रियलिटी शो लाफ्टर शेफ सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। यह शो इसी वीकएंड खत्म होने वाला है। हर कोई यह देखने के लिए उत्साहित है कि विनर कौन होगा? जैस्मीन भसीन पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काफी शानदार काम कर रही हैं।



# मुझे कभी अहसास नहीं हुआ कि मैं आउट साइडर हूं

अभिनेत्री और निर्माता श्वेता त्रिपाठी ने अपनी नई प्रोडक्शन कंपनी शुरू करने के पीछे की प्रेरणा और फिल्म इंडस्ट्री में अपने अनुभवों को साझा किया। श्वेता ने बताया कि उन्होंने हमेशा इंडस्ट्री में अपनापन महसूस किया और अब वह दूसरों को मौका देना चाहती हैं। श्वेता ने बताया कि उन्हें यह कभी नहीं लगा कि वह इंडस्ट्री के बाहर से हैं; उन्हें यहां हमेशा अपनापन महसूस हुआ।

श्वेता ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी शुरू करने के बारे में कहा, क्यों इंतजार करें कि कोई और कहानी को सामने लाए? बहुत सारी कहानियां और प्रतिभाशाली लोग हैं। मैं ऐसे लोगों को जानती हूं और अगर मेरे पास संसाधन हैं, तो मैं उन्हें मौका देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि वह अपने सफर में कई लोगों से मिलती हैं और कुछ कहानियां उन्हें बहुत प्रभावित करती हैं। श्वेता ने बताया, मैं चाहती हूं कि दुनिया भी इन्हें महसूस करे। इसलिए मैंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की। दूसरों पर उंगली उठाने से पहले हमें खुद से पूछना चाहिए कि हम उनके लिए क्या कर रहे हैं। बंदरफुल प्रोडक्शन हाउस का उद्देश्य ऐसी कहानियों को बढ़ावा देना है जो रूढ़ियों, व्यावसायिक दबावों या सामाजिक बंधनों से मुक्त हों। श्वेता ने कहा, मुझे खुशी है कि लोगों ने मुझ पर भरोसा किया। फिल्ममेकर्स ने मेरी प्रतिभा और पैशन को देखा। अब मैं दूसरों में वह जुनून देखना चाहती हूं और उन्हें मंच देना चाहती हूं।

उन्होंने कहा कि वह उन लोगों के साथ काम करना चाहती हैं जो सिनेमा और ऐसी कहानियों के प्रति जुनूनी हों जो समाज पर प्रभाव डाल सकें। इंडस्ट्री के अपने अनुभव को साझा करते हुए श्वेता ने कहा, मुझे शुरू से ही गुनीत मोंगा, अनुराग कश्यप और करण जौहर जैसे लोगों का साथ मिला। मैंने कभी खुद को बाहरी नहीं माना। मेरे लिए यह सब भावनाओं और जुड़ाव के बारे में है, न कि जेंडर, जाति या वर्ग के बारे में। प्रोड्यूसर बनने के अनुभव को श्वेता ने एक नया सफर बताया। उन्होंने बताया, प्रोड्यूसर बनना एक सीखने की प्रक्रिया है। हर कदम मुझे कुछ नया सिखा रहा है और मैं इस सफर के लिए तैयार हूं।



# बॉर्डर 2 में आएंगी नजर मेधा राणा

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और वरुण धवन की आगामी फिल्म बॉर्डर 2 के एक-एक अपडेट का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। इसी बीच मेकर्स ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर एक अहम जानकारी साझा करते हुए फिल्म की हीरोइन का एलान किया है, जिनका नाम है मेधा राणा। अब वरुण धवन के अपोजिट आप इस एक्ट्रेस को फिल्म में देख पाएंगे। बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 पर काम तेजी से चल रहा है। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़े कई फोटोज और वीडियोज आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। अब एक बार फिर से फिल्म को लेकर चर्चा काफी तेज हो गई है, क्योंकि निर्माताओं ने एक नई कास्टिंग कर सभी को चौंका दिया है। प्रोडक्शन टीम ने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बताया कि बॉर्डर 2 में मेधा राणा बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आएंगी, जो वरुण धवन के अपोजिट किरदार में दिखेंगी। इसके अलावा मेकर्स ने कहा कि उन्हें यह खबर देते हुए खुशी हो रही है कि उनके बॉर्डर 2 परिवार में एक नई सदस्य आ गई हैं। 'बॉर्डर 2' का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 10 साल छोटी एक्ट्रेस सीरत कपूर को डेट कर रहे हैं हनी सिंह?



बॉलीवुड के चर्चित रैपर यो यो हनी सिंह एक बार फिर अपने रिलेशनशिप को लेकर उड़ रहीं अफवाहों के कारण सुर्खियों में हैं। हनी सिंह का नाम अब अभिनेत्री सीरत कपूर के साथ जोड़ा जा रहा है। उनके लिंकअप के इन रूमर्स की शुरुआत उन्हीं के एक कमेंट के चलते हुई। दरअसल रैपर ने एक्ट्रेस की एक ग्लैमरस तस्वीर पर कमेंट कर दिया। ये कमेंट इतनी तेजी से वायरल हुआ कि फैंस ने दोनों के बीच चल रही नजदीकियों को लेकर अटकलें लगना शुरू कर दिया है।

## हनी सिंह संग जुड़ा सीरत कपूर का नाम

जब 'रन राजा रन' फेम एक्ट्रेस सीरत कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिल्वर सीक्विन ड्रेस में कुछ तस्वीरें साझा कीं। ग्लैमरस और बोल्ड लुक में सीरत बेहद स्टाइलिश नजर आ रही थीं। इसके कुछ देर बार हनी सिंह ने तस्वीरों पर कमेंट करते हुए कमेंट किया। हनी पाजी का ये कमेंट देखकर उनके फैंस भी हैरान रह गए। हालांकि जब अभिनेत्री ने रैपर का कमेंट देखा तो उनका रिएक्शन भी देखने लायक रहा।

## सीरत के जवाब ने बटोरीं सुर्खियां

सीरत ने हनी सिंह के कमेंट का जवाब देते हुए लिखा- व्हाट ए प्लेजेंट सरप्राइज, थैंक्यू ओजी। सोशल मीडिया पर दोनों के इस एक्क्रेंज ऑफ वर्ड्स के बाद इस खबर को फैलते हुए ज्यादा देर नहीं लगी कि कहीं दोनों के बीच कुछ चल तो नहीं रहा। हालांकि दोनों की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ना ही इस बारे में कुछ भी कन्फर्म ढंग से कहा जा सकता है।

## टीना ढडानी संग रिश्ते में थे हनी


गौर करने वाली बात यह है कि हनी सिंह ने पिछले साल जनवरी में मॉडल और एक्ट्रेस टीना थडानी को अपने पार्टनर के तौर पर सार्वजनिक रूप से पेश किया था। लेकिन अप्रैल 2023 में दोनों ने अचानक एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर लिया और साथ की सारी तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। अब इस हालिया कमेंट के बाद चर्चा है कि क्या हनी सिंह की जिंदगी में कोई नया चैप्टर शुरू हो चुका है? बहरहाल फिलहाल हनी सिंह अपनी निजी जिंदगी में सिंगल है। पत्नी से तलाक के बाद अब तक उन्होंने दोबारा शादी नहीं की है। अब देखना होगा कि सीरत संग उनके डेटिंग के रूमर्स महज अफवाह ही निकलती है या फिर वाकई में उन खबरों में दम है।



# मुझे एक्टिंग के लिए हॉलीवुड आइकन्स ने प्रेरित किया

अभिनेता और फिल्म निर्माता रणदीप हुड्डा ने बताया कि हॉलीवुड एक्टर्स से वह प्रेरित हैं। अभिनेता ने बताया कि अर्नोल्ड श्वार्जनेगर, सिल्वेस्टर स्टैलोन, टॉम क्रूज और क्लिंट ईस्टवुड ने उन्हें एक्टिंग के लिए प्रेरित किया। बातचीत में रणदीप ने बताया, मैं छोटे से शहर रोहतक से हूं और हॉलीवुड एक्टर्स का फैन हूं, मेरे कमरे में अर्नोल्ड श्वार्जनेगर, सिल्वेस्टर स्टेलोन, टॉम क्रूज और क्लिंट ईस्टवुड के पोस्टर तक लगे थे। इन सितारों ने मुझे सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे स्टेज पर एक्टिंग की शुरुआत करने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि एक्टिंग केवल पोस्टर या फिल्मों तक सीमित नहीं है।

रणदीप ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग तरह के अभिनय, फिल्मों और काम को समझने के लिए किताबें पढ़ना शुरू किया। उन्होंने बताया, मैंने धीरे-धीरे खुद को कई तरह की कला और सिनेमा से जोड़ा। मैं अभी भी इसे पूरी तरह समझने और खोजने और सीखने की कोशिश कर रहा हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणदीप हुड्डा जल्द ही अमेरिकी एक्शन-एडवेंचर कॉमेडी फिल्म मैचबॉक्स में दिखेंगे, जिसका निर्देशन सैम हार्ग्रेव कर रहे हैं। यह फिल्म मशहूर टॉय ब्रांड 'मैचबॉक्स' पर आधारित है, जिसमें जॉन सीना, जेसिका बील, सैम रिचर्डसन, आर्टुरो कास्त्रो, टियोना पैरिस, दानाई गुरिरा और कोरी स्टॉल जैसे एक्टर्स भी हैं। यह फिल्म साल 2026 में रिलीज होगी। इसके अलावा, रणदीप का एक और बड़ा प्रोजेक्ट ऑपरेशन खुकरी भी है। यह फिल्म मेजर जनरल राजपाल पुनिया और दामिनी पुनिया की किताब ऑपरेशन खुकरी- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियन आर्मी ब्रेवेस्ट पीसकीपिंग मिशन अब्रॉड पर आधारित है।





# मैं बलिया से बॉलीवुड आया तो मुझे इंग्लिश नहीं आती थी

बिहार के बलिया जैसी छोटी सी जगह से बॉलिवुड तक का सफर एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी के लिए आसान नहीं रहा। एक समय सीए की पढ़ाई करने वाले सिद्धांत को एक्टिंग की धुन ऐसी लगी कि वे एक्टर बन कर ही माने। गली बॉय, गहराइयां, खो गए तुम कहां जैसी कई फिल्मों से चर्चित रहे सिद्धांत इन दिनों अपनी फिल्म धड़क 2 से चर्चा में हैं। इस मुलाकात में वो अपने स्ट्रगल, माता-पिता, प्यार-मोहब्बत की नाकामी और खुद के साथ हुए भेदभाव पर खुलकर बात करते हैं।

**आप बिहार के बलिया जैसी छोटी-सी जगह से हैं, तो आपके लिए बलिया से लेकर बॉलीवुड तक का सफर कैसा रहा?**

सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा- मैं समझता हूं कि मुझसे ज्यादा संघर्ष मेरे माता-पिता ने किया है। जिन परिस्थितियों में उन्होंने मुझे पाल-पोसकर बड़ा किया और जिस तरह से बेस्ट एजुकेशन दी, वो आसान नहीं था। जब मैंने कहा, मुझे बैंकर बनना है, तो उन्होंने उसे सपोर्ट किया। फिर जब मैं मुंबई आया, तो अपनी पूरी जिंदगी को छोड़कर मेरे अभिनय के सपने को पूरा करने यहां आए, तो उन्होंने मेरे लिए सबकुछ किया है। देखिए, सबसे मुश्किल होता है सदियों की कंडीशनिंग को तोड़ना। जाहिर सी बात है, हम ऐसे समाज से आते हैं, जहां लड़के को पढ़ाओ और सेटल करवाओ, का मामला होता है। मगर जब वह लड़का किसी और राह (फिल्म) चल निकलता है, तो रिश्तेदारों, पड़ोसियों से कट जाना कि कहीं कोई ये न पूछ ले कि तुम्हारा लड़का क्या कर रहा है? हमारा लड़का तो एमबीए कर रहा है, आईआईटी पास आउट हो चुका है। मगर वे किसी को क्या कहते कि वो तो बस्ता उठा कर ऑडिशन दे रहा है। फिट, नॉट फिट में उलझा हुआ है। मगर आज मैं बलिया से बॉलिवुड तक पहुंच पाया हूं, तो इसका श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है कि उन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया।

**आपकी फिल्म न केवल प्यार-मोहब्बत के जुनून को लेकर है बल्कि जातीय भेदभाव के मुद्दे पर भी वार करती है। आपने असल जिंदगी में डिस्क्रिमिनेशन कब महसूस किया?**

भेद-भाव कई चीजों को लेकर होता है। चाहे वो कास्ट, जेंडर, वेट हो, रंग हो, कपड़े हों, बोलचाल हो, हर कोई रोजमर्रा की जिंदगी में थोड़ा-बहुत डिस्क्रिमिनेशन तो सहता ही है। आप अगर मेरा निजी अनुभव पूछें, तो जब मैं बलिया से यहां आया था, तो मुझे इंग्लिश नहीं आती थी। हिंदी भी उतनी अच्छी नहीं थी। मैं भोजपुरी में बात करता था। कोई भी जब मुझसे बात करता, तो मैं बोल नहीं पाता था और बहुत डर जाता था। मुझे लगता, मैं गूंगा हूं, मुझे तो इंग्लिश नहीं आती और जो भाषा मेरी है, उस पर तो सभी हंस देंगे। आखिरकार लड़कियों से प्यार करने के चक्कर में मैंने इंग्लिश तो सीख ली। खैर मैं भाषा को लेकर होने वाले भेदभाव की बात बता रहा हूं। आप किसी मॉल या रेस्टॉरेंट में जाएं और वहां किसी चीज का दाम हिंदी में पूछें, तो आपको एक हेय लुक मिलता है। मगर उसी चीज को अंग्रेजी में पूछ लें, तो आपका रुतबा बढ़ जाता है। अपनी जनरेशन में मुझे भाषा को लेकर इन्फीरियोरिटी कॉम्प्लेक्स काफी देखने को मिल रहा है। चाहे वो हमारी इंडस्ट्री में ही क्यों न हो। हमारे यहां कोई भी हिंदी में बात करता ही नहीं। हम बना हिंदी फिल्म रहे हैं और सब चीजें इंग्लिश में होती हैं।

## आप कभी मर-मिटने वाले जुनूनी प्यार में पड़े हैं?

हां, हुआ है मेरे साथ। बहुत सारी मुश्किलात हुई हैं। सिद्धांत ने कहा- मैं प्यार के लिए घर से भागा भी हूं। सच कहूं तो मेरी पर्सनल लाइफ की लव स्टोरी का विलेन मेरी बेरोजगारी बन गई थी। मैं उस वक्त उस लायक नहीं था कि मैं जिम्मेदारी उठा पाऊं। ये तब की बात है, जब मैं अभिनय के क्षेत्र में आना चाहता था, मगर उन्हें वो मंजूर नहीं था, क्योंकि उसके पहले मैं सीए कर रहा था। जब मैं सीए कर रहा था, तो उनके मन में एक सिक्योरिटी थी कि मैं सीए बन जाऊंगा। मगर उसी दौरान मैं एक्टिंग के चक्कर में पड़ गया और उस वक्त मेरे पास दो रास्ते थे। या तो मैं अपने प्यार को अपना कर सीए बन जाऊं और जिंदगी भर घुटता रहूं कि काश मैंने अभिनय में किस्मत आजमाई होती या फिर मैं एक्टर बन जाऊं और इस रिश्ते को यहीं खत्म कर दूं। वो अफ़साना जिसे अंजाम तक लाना न हो मुमकिन, उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा, हमारे बीच एक म्यूचल अंडरस्टेंडिंग हुई क्योंकि हमें लगा हम दोनों ही खुश नहीं रह पाएंगे। फिर उन्हें कितना इंतजार करने को कहता, क्योंकि किसे पता था कि अभिनय में कब चांस मिलेगा। मैंने उनसे आखिरी मुलाकात में वादा कि ये हमारा बिछड़ना जाया नहीं जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in